Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 41 | बुधवार, 11 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### ये सपना नहीं होगा पूरा

## सीएम योगी बोले- कयामत के लिए जीने वालों अब बाबरी मस्जिद कभी नहीं बनेगी


**बाराबंकी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाराबंकी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग कयामत का दिन आने का इंतजार कर रहे हैं। वो कयामत के लिए न जिएं। हिंदुस्तान में कायदे से रहना सीखो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भाजपा सरकार रुकने वाली नहीं है। ये सरकार जितना बोलती उतना करती है। उतना ही बोलती है जितना करती है। जो कयामत के दिन आने का सपना देख रहे है वह दिन आने वाला नहीं है। बाबरी मस्जिद अब कभी भी नहीं बनने वाली है। हम अपनी विरासत को यूं ही मजबूत करेंगे। याद करिए 500 साल बाद अयोध्या में गौरवपूर्ण क्षण आया। कितनी सरकारें आई कितनी गईं। कितने राजा महाराजा हुए मगर अयोध्या में राम मंदिर क्यों नहीं बनवाया। राम सबके है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं जो अवसरवादी रवैया अपनाकर संकट में राम को याद करते हैं। बाकी राम को विस्मित कर देते हैं इसलिए अब भगवान राम उनको भूल चुके हैं। सीएम योगी ने आगे कहा कि कयामत के लिए मत जियो। हिंदुस्तान में कायदे से रहना सीखो। कानून मानोगे तो फायदे में रहोगे। नहीं तो आगे का रास्ता सीधा जहन्नुम जाता है। कानून तोड़ने वाले जहन्नुम जाएंगे। हर भारत वासी का एक ध्येय एक भारत श्रेष्ठ भारत हो। हमारा देश वैभवशाली हो। विकसित हो।हर संत देश के लिए है और धर्म भी देश के लिए है। धर्म और देश एक आत्मा और शरीर है। भारत और सनातन एक दूसरे के पूरक है। सीएम योगी मंगलवार को दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में दुल्हदेपुर स्थित बाबा हरिशंकर दास की कुटी पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। दोपहर करीब सवा दो बजे सीएम का हेलीकॉप्टर कुटी के पास उतरा। यहां महंत बलरामदास ने उनका स्वागत किया। यहां पहुंचकर उन्होंने कथा मंडप का उद्घाटन किया और रामार्चा यज्ञ में आहुतियां अर्पित की।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने कुटी परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित किया।



मुख्यमंत्री ने कुटी परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित किया

## साइबर अपराधियों से निपटने के लिए एजेंसियों में समन्वय जरूरीः अमित शाह



**नई दिल्ली।**

साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अहम बताते हुए गृहमंत्री व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सभी एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया है। शाह के अनुसार साइबर फ्रॉड अब एक संगठित अपराध का रूप धारण कर चुका है और इससे सभी को मिलकर निपटना होगा। बड़ी संख्या सिम कार्ड, आइएमईआइ नंबर ब्लाक कराने से लेकर साइबर अपराधियों द्वारा ठगी गई रकम को वापस कराने में मिल रही सफलता का हवाला देते हुए उन्होंने राज्यों को हेल्पलाइन नंबर 1930 के लिए पर्याप्त मात्रा में कॉलर बैठाने को कहा ताकि समय पर कार्रवाई से फ्रॉड की रकम को तत्काल फ्रीज किया जा सके। साइबर-सक्षम धोखाधड़ी से निपटने और इसके इकोसिस्टम को ध्वस्त करने पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने एक ओर तेजी से बढ़ते साइबर फ्राड का आंकड़े दिये तो वहीं उससे निपटने के लिए एजेंसियों द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना भी की। शाह ने बताया कि 20 हजार करोड़ रुपए के साइबर फ्रॉड के मामले दर्ज किये गए हैं, जिनमें से 8,189 करोड़ रुपये फ्रीज करने या पीड़ित को वापस लौटाने में सफलता मिली है। इसी तरह गृह मंत्रालय ने 12 लाख सिम कार्ड को रद्द और तीन लाख मोबाइ के आइएमईआइ को ब्लाक करने के साथ ही 20, 853 आरोपितों को गिरफ्तार भी किया गया है। उन्होंने कहा कि 2021 में स्थापित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आइ4सी) ने देश भर की एजेंसियों के साथ समन्वय और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में प्रभावी कदम उठाया है। देश के 62 बैंक और वित्तीय संस्थाएं समेत 795 संस्थान आइ4सी के साथ जुड़ चुके हैं और इस साल के अंत तक सहकारी बैंकों समेत सभी वित्तीय एजेंसियों को इससे जोड़ दिया जाएगा। शाह ने आंकड़े पेश करते हुए साइबर अपराध की व्यापकता बताई। उनके अनुसार देश में हर 37 सेंकेंड में एक व्यक्ति यानी हर घंटे लगभग 100 व्यक्ति साइबर अपराध का शिकार हो रहे हैं।

## फ्रांस के टीचर की हैवानियत, भारत समेत 9 देशों में 89 नाबालिगों का किया यौन शोषण

**नई दिल्ली।**


फ्रांस में 79 साल के एक पूर्व शिक्षक पर पांच दशकों से ज्यादा समय में 89 नाबालिगों का रेप और यौन शोषण करने का आरोप लगा है। प्रॉसिक्यूटर एटिएन मांटो ने इस आरोपी की पहचान सार्वजनिक कर दी है, ताकि और पीड़ित सामने आएं। यह अपराध नौ देशों में फैला हुआ है, जिसमें भारत भी शामिल है। आरोपी 2024 से हिरासत में है और जांचकर्ता अब गवाहों और पीड़ितों की तलाश में जुटे हैं। प्रॉसिक्यूटर ने कहा कि आरोपी का नाम पहले इसलिए नहीं बताया गया, क्योंकि तथ्यों की पुष्टि जरूरी थी। अब नाम जाहिर करने का मकसद है कि संभावित पीड़ित खुद आगे आएं और न्याय की प्रक्रिया में मदद करें।

आरोपी का नाम जैक्स लेव्यूगल है, जो 1946 में फ्रांस के एनेसी में पैदा हुआ था।

## कनाडा के स्कूल में ताबड़तोड़ फायरिंग, 9 लोगों की मौत, शूटर भी ढेर

**नई दिल्ली।**

कनाडाई पुलिस ने मंगलवार को बताया कि ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के उत्तर-पूर्वी हिस्से में एक हाई स्कूल में हुई गोलीबारी में 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं, पुलिस ने शूटर को ढेर कर दिया है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस स्टाफ सार्जेंट क्रिस क्लार्क ने पुष्टि की है कि ब्रिटिश कोलंबिया के पीस इलाके में टम्बलर रिज सेकेंडरी स्कूल में फायरिंग हुई है। 9 लोगों की मौत हो गई है और हमलावर को भी मार गिराया गया है। वहीं, सीबीसी न्यूज ने बताया कि मंगलवार को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के टम्बलर रिज में हुई गोलीबारी में एक संदिग्ध शूटर समेत दस लोगों की मौत हो गई। सीबीसी न्यूज ने बताया कि छह लोग एक हाई स्कूल के अंदर मरे हुए पाए गए, दो और लोग एक घर में मरे हुए पाए गए, जिसके बारे में पुलिस का मानना है कि वह इस घटना से जुड़ा है।



## तलाशी-जब्ती की पूर्व सूचना देने से आइटी अधिकारियों को व्यावहारिक दिक्कतें होंगी : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को डिजिटल युग में जांचकताओं को होने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों पर जोर दिया और कहा कि तलाशी और जब्ती से पहले पूर्व सूचना देने से जांच शुरू होने से पहले ही समाप्त हो सकती है। सुबूत मिटाए जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट एक जनहित याचिका की सुनवाई कर रहा था, जिसमें आयकर अधिनियम की धारा 132 के तहत तलाशी और जब्ती शक्तियों के दायरे को यह कहते हुए चुनौती दी गई थी कि इसका दुरुपयोग होने की संभावना है। आयकर अधिनियम की धारा 132 आयकर अधिकारियों को तलाशी लेने और जब्ती करने का अधिकार देती है जब उनके पस इस बात का पर्याप्त सुबूत हो कि किसी व्यक्ति के पास अघोषित आय, संपत्ति या दस्तावेज हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने पीआइएल याचिकाकर्ता विश्वप्रसाद अल्वा के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े द्वारा प्रस्तुतियों को कुछ समय तक सुना और बाद में इसे दो सप्ताह के लिए विचार के लिए स्थगित कर दिया।

> न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि पूर्व नोटिस देने से जांच का उद्देश्य ही विफल हो सकता है क्योंकि इलेक्ट्रानिक साक्ष्य को आसानी से नष्ट किया जा सकता है।

### संसद में सियासी संग्राम

## 9 मार्च को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव संभव



**नई दिल्ली।**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा 9 मार्च को होने की संभावना है। यह जानकारी समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से दी है।

यह घटनाक्रम तब सामने आया जब विपक्षी दलों ने ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सदन में स्पष्ट रूप से पक्षपात पूर्ण तरीके से काम किया जाता है, विपक्ष की प्रस्ताव के बाद ओम बिरला ने खुद को सदन की कार्यवाही से दूर कर लिया है। अपने प्रस्ताव पर विपक्ष ने अध्यक्ष पर लोकसभा में कुछ अप्रत्याशित कार्रवाई करने की बात करते हुए कांग्रेस सदस्यों के खिलाफ झूठे दावे करने का भी आरोप लगाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रपति का भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब देने के लिए सदन में ना आने का अनुरोध भी शामिल है। संविधान का अनुच्छेद 94सी लोकसभा के अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को हटाने के लिए प्रावधानों से संबंधित है। संविधान का अनुच्छेद 96 अध्यक्ष को सदन में अपना बचाव करने का अवसर देता है। सदन में अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव पेश किए जाने पर अध्यक्ष अपना मत डाल सकते हैं लेकिन बराबर होने की स्थिति में वह अपना मत नहीं डाल सकते।

## सीएम हिमंत का कांग्रेस पर पलटवार, 500 करोड़ रुपये के मानहानि का मुकदमा किया दायर

**नई दिल्ली।**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने खिलाफ भूमि कब्जाने के आरोप लगाने को लेकर मंगलवार को कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध 500 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा दायर किया। मीडिया से बातचीत में सरमा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस नेता कह रहे हैं कि मेरे पास 12,000 बीघा बेनामी जमीन है। मैंने अदालत में मुकदमा दायर किया है, ताकि वे अदालत के समक्ष सूची प्रस्तुत कर सकें। यदि वे सूची उपलब्ध नहीं करा पाते हैं तो उन्हें 500 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने एक्स पर भी मुकदमा दायर करने की जानकारी दी। चार फरवरी को एक संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने दावा किया था कि पार्टी की जांच से पता चला है कि राज्यभर में मुख्यमंत्री और उनके परिवार द्वारा लगभग 12,000 बीघा जमीन पर कब्जा किया गया है।




## देश के 6 राज्यों में आंधी के साथ तेज बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।**

देश के कई हिस्सों में अब ठंड का असर कम होने लगा है, सुबह के समय हल्की ठंड का एहसास होता है लेकिन दोपहर में पारा बढ़ने के साथ ही ठंड का असर खत्म हो जाता है।

वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण कुछ राज्यों में झमाझम बारिश हो सकती है, इससे उत्तर भारत में फिर से मौसम में बदलाव आ सकता है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण 11 फरवरी यानी आज उत्तराखंड हिमाचल और जम्मू कश्मीर में बारिश हो सकती है, इसके साथ ही तापमान भी गिर सकता है। वहीं बर्फबारी की आशंका भी जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, 13 से 17 फरवरी तक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत को प्रभावित करेंगे। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड समिति 6 राज्यों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इस दौरान आंधी तूफान और बिजली गिरने के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की हवाएं भी चल सकती हैं। पंजाब हरियाणा और चंडीगढ़ में भी बारिश के साथ तेज आंधी और बिजली गिरने की आशंका जताई गई है।

> 40 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं



## संपादक की कलम से

# पाकिस्तान की नौटंकी खत्म



**ललित शर्मा**
संपादक

पाकिस्तान की यही नियति थी। उसे इसी तरह चाटना था। उसने सिर्फ बांग्लादेश की पैरोकारी और अंतत: मुस्लिम ब्रदरहुड की खातिर टीम इंडिया से मैच खेलने का बहिष्कार किया था। यह टी–20 विश्व कप का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का आयोजन है। पाकिस्तान हो या कोई अन्य देश हो, इस आयोजन के बेमानी बहिष्कार के मायने गंभीर और संवेदनशील होते हैं। देश अपनी पहचान तक खो सकते हैं, लंबी पाबंदियां झेलनी पड़ सकती हैं और आर्थिक नुकसान असहनीय होता है। पाकिस्तान ने 1970–71 के दौर में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के दौरान लाखों बेगुनाह लोगों की लाशें बिछाई थीं, औरतों के साथ वहशी बलात्कार किए गए थे, बच्चों के कत्लेआम किए गए थे, बांग्लादेश उस दौर को कैसे भूल सकता है? पाकिस्तान के साथ नए रिश्तों की पींगें कैसे बढ़ा सकता है? कोई तानाशाह, संवेदनहीन व्यक्ति भी इन सवालों के जवाब नहीं दे सकता। बहरहाल पाकिस्तान की विडंबना देखिए कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी ऐलान किया था कि उनकी क्रिकेट टीम भारत के साथ मैच नहीं खेलेगी, लेकिन दो दिन बाद ही उन्हें अपनी नौटंकी वापस लेनी पड़ी कि दोस्तों का आग्रह है, लिहाजा 15 फरवरी को भारत–पाकिस्तान मैच में उनकी टीम खेलेगी। कितना बौना, असहाय, नासमझ है पाकिस्तान का वजीर–ए–आजम! यह बौनापन इसलिए भी गौरतलब और चिंतनीय है, क्योंकि पाकिस्तान का संवैधानिक शाह जनरल मुनीर और उसके साले, पाक गृहमंत्री, पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी अंदरूनी तौर पर चाहते थे कि भारत के साथ मैच खेला जाना चाहिए। लिहाजा कुछ शर्तों का भी ढोंग किया गया। मसलन–आईसीसी निर्देश दे कि भारत–पाक द्विपक्षीय शृंखला खेली जाए।

# एप्सटिन फाइल्स : शर्म, सन्नाटा और हमारी सामूहिक विफलता




डॉ. सत्यवान सौरभ

इतिहास के कुछ क्षण ऐसे होते हैं जब सभ्यता अपने ही आईने में झाँकने से डरने लगती है। आज हम ठीक उसी मोड़ पर खड़े हैं। जिन कांडों का खुलासा हो रहा है—जिनके वीडियो, दस्तावेज और गवाह सार्वजनिक हो चुके हैं—वे महज अपराध नहीं हैं, बल्कि मानवता के विरुद्ध सुनियोजित, संरक्षित और सत्ता-समर्थित हमले हैं। इन घटनाओं की भयावहता इतनी गहरी है कि शब्द भी लड़खड़ा जाते हैं। फिर भी समाज इन्हें ह्लकंटेंटह्व की तरह उपभोग कर रहा है—चाव, रोमांच और क्षणिक घृणा के साथ—और फिर अगली सनसनी की ओर बढ़ जाता है।

यह कोई नई कहानी नहीं है। हर बड़े घोटाले, हर सामूहिक अपराध के बाद यही क्रम दोहराया गया है—पहले इनकार, फिर आंशिक स्वीकारोक्ति, उसके बाद माफी या इस्तीफा, और अंततः ह्लकम्पैरिटिवली बेहतरह्व का आत्मसंतोष। मानो न्याय कोई तुलनात्मक पैमाना हो, जहाँ कम बुरा होना ही अच्छा होने का प्रमाण बन जाए। पर असली सवाल कहीं गहरा है—जब अपराध हो रहे थे, तब आत्मा कहाँ थी? क्या नैतिकता केवल कैमरों के सामने ही जागती है?

इन कांडों की सबसे भयावह परत सत्ता से जुड़ी है। उच्चतम पदों पर बैठे लोग—जिन्हें समाज ईश्वरतुल्य मानता है—जब दोषियों से संवाद करते, उन्हें संरक्षण देते, उनसे लाभ लेते या उनके लिए रास्ते बनाते पाए जाते हैं, तब लोकतंत्र की बुनियाद हिल जाती है। यह व्यक्तिगत नैतिक पतन नहीं, बल्कि संस्थागत अपराध है। क्योंकि जब अपराध को व्यवस्था का संरक्षण मिलता है, तब वह अपवाद नहीं रहता—वह एक प्रणाली बन जाता है। मीडिया की भूमिका यहाँ निर्णायक होनी चाहिए थी। लेकिन अक्सर वह भी दो ध्रुवों में बँटी नजर आती है—एक ओर सनसनी, दूसरी ओर चुप्पी। सनसनी पीड़ितों की गरिमा को रौंदती है, जबकि चुप्पी अपराधियों को समय और सुरक्षा देती है। टीआरपी, क्लिक और ट्रेंड की दौड़ में सत्य दम तोड़ देता है। नतीजा यह कि जनता को तथ्य नहीं, भावनात्मक झटके मिलते हैं—और झटकों से स्थायी सामाजिक कार्रवाई कभी जन्म नहीं लेती। कानून और जाँच एजेंसियों की स्थिति भी कोई आश्वस्ति नहीं देती। धीमी जाँच, अधिकार-क्षेत्र की उलझनें, राजनीतिक दबाव और अंतहीन प्रक्रियाएँ—ये सब मिलकर न्याय को टालने की एक सुव्यवस्थित मशीन बना देते हैं। कहा जाता है कि न्याय में देरी, न्याय से इनकार के समान होती है; यहाँ यह कहावत एक कड़वी सच्चाई बनकर सामने आती है। पीड़ित थक जाते हैं, गवाह डर जाते हैं और अपराधी समय के साथ और अधिक शक्तिशाली हो जाते हैं। सबसे असहज प्रश्न फिर भी आम जनता से जुड़ा है। क्या सचमुच हमें लकवा मार गया है? या हमें इस तरह ढाला गया है कि हम क्रोधित तो हों, पर संगठित न हो सकें? सोशल मीडिया हमें आवाज देता है, लेकिन दिशा नहीं। हम पोस्ट करते हैं, साझा करते हैं, गालियाँ देते हैं और यह मान लेते हैं कि हमने अपना कर्तव्य निभा दिया। वास्तविक दुनिया में उतरने का धैर्य, जोखिम और निरंतरता—ये सब दुर्लभ होते चले गए हैं। यह भी एक सच है कि जनता को थकाने की बाकायदा रणनीति अपनाई जाती है। सूचनाओं की बाढ़, विरोधाभासी दावे, फर्जी खबरें और आधे-अधूरे सच—इन सबके जरिये भ्रम पैदा किया जाता है। और




भ्रम से निष्क्रियता जन्म लेती है। निष्क्रिय समाज अपराधियों के लिए सबसे सुरक्षित वातावरण होता है। कुछ देशों में माफि याँ माँगी जा रही हैं, कहीं इस्तीफे दिए जा रहे हैं और इन्हें बड़ी उपलब्धि की तरह प्रस्तुत किया जा रहा है। लेकिन माफी तभी मायने रखती है जब उसके साथ जवाबदेही हो—कानूनी कार्रवाई, संपत्ति की जब्ती, नेटवर्क का खुलासा और स्थायी संस्थागत सुधार। केवल चेहरे बदल देने से व्यवस्था नहीं बदलती। इस्तीफा न्याय नहीं है; वह अधिकतम उसकी शुरूआत हो सकता है। इस पूरे परिदृश्य में सबसे अधिक उपेक्षित पक्ष पीड़ितों का है। उनकी कहानियाँ, उनका दर्द और उनका पुनर्वास—सब कुछ हाशिये पर धकेल दिया जाता है। जबकि न्याय का अर्थ केवल सजा नहीं है; न्याय का अर्थ है पीड़ित की ज़िंदगी को दोबारा खड़ा करना। काउंसलिंग, चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार और गवाह सुरक्षा—ये सब उतने ही आवश्यक हैं जितनी अदालत की कार्यवाही। इनके बिना न्याय हमेशा अधूरा रहेगा। तो रास्ता क्या है? प्रतिशोध नहीं। हिंसा की कामना हमें उन दरिंदों से अलग नहीं बनाती जिनसे हम घृणा करते हैं। सभ्यता की जीत क्रूरता से नहीं, बल्कि जवाबदेही से होती है। इसके लिए कुछ बुनियादी बिंदुओं पर समाज को एकजुट होना होगा। पहला, स्वतंत्र और अंतरराष्ट्रीय जाँच, क्योंकि सीमा-पार और सत्ता-समर्थित अपराधों में केवल राष्ट्रीय एजेंसियाँ पर्याप्त नहीं होतीं। दूसरा, पूर्ण प्रकटीकरण—नाम, पद, नेटवर्क और वित्तीय लेन-देन का सार्वजनिक खुलासा। तीसरा, कानूनी सुधार—विशेष अदालतें, समयबद्ध सुनवाई और मजबूत गवाह सुरक्षा कानून। चौथा, जिम्मेदार मीडिया, जो पीड़ित-केंद्रित, तथ्यपरक और निरंतर रिपोर्टिंग करे। पाँचवाँ, नागरिक एकजुटता—शांतिपूर्ण, संगठित और लगातार दबाव। क्योंकि बदलाव किसी एक पोस्ट से नहीं, बल्कि निरंतरता से आता है।

अंततः यह लड़ाई नैतिकता की है। हर समाज को कभी न कभी यह तय करना पड़ता है कि वह सुविधा चुनेगा या सत्य। सुविधा हमें सुला देती है, जबकि सत्य हमें बेचैन करता है—और इतिहास हमेशा उसी बेचैनी से आगे बढ़ता है। लानत दरिंदों पर तो बनती है। लेकिन इतिहास हमें इस आधार पर परखेगा कि क्या हमने अपने आक्रोश को क्षणिक नफरत में गँवा दिया, या उसे परिवर्तन की संगठित ताकत में बदला। चुप्पी अब विकल्प नहीं है।

देर से सही, पर न्याय आना चाहिए—और ऐसा न्याय, जो केवल दोषियों को दंडित न करे, बल्कि भविष्य को भी सुरक्षित बनाए। यही इस समय की सबसे बड़ी माँग है। और यही हमारी सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी भी।

## उदय किशोर साह



### पीली सरसों की फूल निराली

कविता

प्रकृति की आँचल में पीली सरसों की फूल निराली
महका रहा है चहुँओर सुगंध ये मदहोश की प्याली
पछुवा हवा सरसों की तना को झुला है झुलाती
बसंती बयार दशो दिशा में झूम कर गीत है गाती

सजनी की चुनरी हवा में लहरा कर मन को तड़पाती
नागिन की तरह आकाश में ये यहाँ वहाँ है बलखाती
ये हल्की हल्की ठंड्क तन में चुभ चुभ सिहराती
ये नदिया की धारा दोनों किनारे को छूकर बढ़ जाती

देखो वो पहाड़ों पे हरियाली की सज गई हरी ताज
गुमनामी की दलदल में छुप गई पतझड़ की राज
गुँचें से नव पल्लव का हो रही है जंगल में आगाज
दूर गगन में उड़ता दिखता है वो तेज तर्रार सा बाज

रे मधुकर अब तुम कभी इस बाग में ना आ मड़राना
पकड़ कर तेरे पंख को डोर से बाँधने पर होगा पछताना
अवारा बादल जैसा तेरा है तेरे बेशर्म आचार विचार
शर्म से शरमा जाती है . सब कलियां देख तेरा व्यवहार

साफ सुथरा जल जैसा कितना पावन है ये असमान
प्रकाशित कर दी है धरा को ये तेजस तपता दिनमान
अंधकार हो गई वसुधा से दिन में आज गुमनाम
फिजां में घुल गई देखो नशा पीकर भांग की कई जाम

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# क्यों गायब हो रहे बच्चे?

हरियाणा में गुमशुदगी के बढ़ते मामले अब केवल पुलिस रजिस्टरों या अखबारों की सुर्खियों तक सीमित नहीं रहे हैं। ये मामले उन हजारों परिवारों की अनकही पीड़ा हैं, जिनके घरों से कोई सदस्य काम, पढ़ाई या रोजमर्रा के काम के लिए निकला और फिर कभी वापस नहीं लौटा। हर दिन औसतन 12 बच्चों का लापता होना और वर्ष 2025 में 17,500 से अधिक गुमशुदगी के मुकदमों का दर्ज होना, किसी भी संवेदनशील समाज के लिए गहरी चिंता का विषय होना चाहिए। यह स्थिति न सिर्फ कानून-व्यवस्था की चुनौती है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है।

गुमशुदगी का सबसे भयावह पहलू यह है कि इसके पीछे अब केवल व्यक्तिगत विवाद, घरेलू कारण या आकस्मिक घटनाएं नहीं रहीं। जांच में बार-बार यह संकेत मिल रहे हैं कि कई मामलों की जड़ें मानव तस्करी जैसे संगठित अपराधों से जुड़ी हुई हैं। पुलिस के अनुसार करीब 75 प्रतिशत मामलों को ट्रेस कर लिया गया है, लेकिन शेष 25 प्रतिशत अधूरे मामले ही असली चिंता का कारण हैं। यही वे मामले हैं जिनमें लापता व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिलता और जिनके पीछे अंतरराज्यीय गिरोह, अवैध प्लेसमेंट एजेंसियां और आर्थिक शोषण के नेटवर्क काम कर रहे होते हैं।

विशेष चिंता इस बात की है कि महिलाएं और नाबालिग बच्चे इस संकट का सबसे बड़ा शिकार बन रहे हैं। बेहतर रोजगार, उज्ज्वल भविष्य या शिक्षा का सपना दिखाकर बच्चों और युवाओं को उनके घरों से दूर ले जाया जाता है। कई बार माता-पिता खुद मजबूरी में बच्चों को ऐसे एजेंटों के हवाले कर देते हैं, जिन्हें वे भरोसेमंद समझते हैं। बाद में वही भरोसा परिवारों के लिए जीवनभर का पछतावा बन जाता है। बिहार, झारखंड और उड़ीसा जैसे राज्यों से जुड़े नेटवर्क इस बात की पुष्टि करते हैं कि यह समस्या स्थानीय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर फैले संगठित अपराध का हिस्सा है।



प्रियंका सौरभ

हरियाणा में भिक्षावृत्ति और बालश्रम से मुक्त कराए गए 350 से अधिक बच्चों के मामले इस सच्चाई को और उजागर करते हैं। चौक-चौराहों, बस अड्डों और धार्मिक स्थलों पर दिखाई देने वाले ये बच्चे किसी संयोग का परिणाम नहीं हैं। ये एक सुनियोजित तंत्र के तहत यहां लाए जाते हैं, जहां उनसे काम कराया जाता है या उन्हें भिक्षावृत्ति में धकेला जाता है। इनसे होने वाली कमाई का बड़ा हिस्सा गिरोह या प्लेसमेंट एजेंसियों के पास चला जाता है, जबकि बच्चों को अमानवीय परिस्थितियों में जीने को मजबूर किया जाता है। यह भी गौर करने योग्य है कि मानव तस्करी अब अकेला अपराध नहीं रहा। पुलिस और जांच एजेंसियों का मानना है कि नशा तस्करी, साइबर अपराध, एक्सटॉर्शन और मानव तस्करी जैसे अपराध अब एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। एक ही नेटवर्क कई तरह के अवैध कामों को अंजाम दे रहा है। यही कारण है कि गुमशुदगी के मामलों की जांच अब संगठित अपराध के नजरिये से की जा रही है। यह बदलाव सही दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन इसके लिए संसाधनों, तकनीक और राजनीतिक इच्छाशक्ति की भी उतनी ही जरूरत है। हरियाणा पुलिस द्वारा वर्ष 2026 के लिए तैयार किया गया अपराध नियंत्रण रोडमैप उम्मीद की एक किरण जरूर दिखाता है। संगठित अपराधियों पर कड़ी निगरानी, तकनीक के माध्यम से पहचान और ट्रैकिंग, अंतरराज्यीय समन्वय और समयबद्ध जांच जैसे कदम निस्संदेह आवश्यक हैं। पुलिस महानिदेशक का यह स्पष्ट संदेश कि बच्चों और महिलाओं से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, भरोसा पैदा करता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल प्रशासनिक सख्ती से इस गहरी समस्या को पूरी तरह सुलझाया जा सकता है? सच्चाई यह है कि गुमशुदगी और मानव तस्करी जैसी समस्याएं केवल कानून-व्यवस्था के दायरे में सुलझने वाली नहीं हैं। इनके पीछे गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी और सामाजिक असमानता जैसे कारण भी काम करते हैं। जब परिवारों के पास रोजगार के सीमित अवसर होते हैं और बेहतर जीवन का सपना उन्हें हर दिन बेचैन करता है, तब वे अक्सर गलत हाथों में फंस जाते हैं। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी केवल अपराधियों को पकड़ने तक सीमित नहीं हो सकती, बल्कि उन परिस्थितियों को बदलने की भी होनी चाहिए, जो लोगों को असुरक्षित बनाती हैं। समाज की भूमिका यहां सबसे अहम हो जाती है। अक्सर लोग लापता बच्चों या संदिग्ध गतिविधियों को देखकर भी चुप रह जाते हैं। ह्लयह किसी और का मामला हैह्व जैसी सोच अपराधियों के हौसले बढ़ाती है। यदि समय रहते संदिग्ध प्लेसमेंट एजेसियों की सूचना दी जाए, भिक्षावृत्ति में लगे बच्चों को नजरअंदाज न किया जाए और लापता होने की सूचना तुरंत पुलिस तक पहुंचाई जाए, तो कई मामलों को शुरूआती स्तर पर ही रोका जा सकता है। जागरूक समाज ही किसी भी अपराध के खिलाफ सबसे मजबूत दीवार बन सकता है। बाल अधिकार विशेषज्ञों का यह कहना बिल्कुल सही है कि बच्चों को तस्करी से मुक्त कराना केवल पहला कदम है। असली चुनौती उनके पुनर्वास, शिक्षा और मानसिक काउंसलिंग की है। तस्करी का शिकार हुए बच्चे गहरे मानसिक आघात से गुजरते हैं। यदि उन्हें समय पर सही देखभाल और अवसर नहीं मिले, तो वे दोबारा उसी अंधेरे चक्र में फंस सकते हैं। सरकार और समाज दोनों को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसे बच्चों का भविष्य सुरक्षित और सम्मानजनक हो।

हरियाणा में गुमशुदगी के मामले हमें यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि विकास और आर्थिक प्रगति के दावों के बीच कहीं हम मानवीय मूल्यों को तो नहीं खोते जा रहे। यह समस्या केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि हर उस परिवार की कहानी है, जो आज भी किसी दरवाजे की आहट पर उम्मीद लगाए बैठा है। यदि अब भी इसे केवल एक खबर या एक प्रशासनिक चुनौती समझकर नजरअंदाज किया गया, तो आने वाले वर्षों में इसकी कीमत कहीं ज्यादा भारी होगी। समय की मांग है कि गुमशुदगी को अपराध के साथ-साथ मानवीय संकट के रूप में देखा जाए। सरकार, पुलिस, समाज और नागरिक—सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। तभी यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि कोई बच्चा, कोई महिला या कोई नागरिक यूं ही गुम न हो जाए और उसका परिवार जिंदगी भर इंतजार करने को मजबूर न रहे। (डॉ. प्रियंका सौरभ, पीएचडी (राजनीति विज्ञान), कवयित्री एवं सामाजिक चिंतक हैं।)

# थाना अधिकारी को कोर्ट में तथ्यहीन रिपोर्ट देना पड़ा भारी, एडवोकेट तोमर ने भेजा 25 लाख की मानहानि का नोटिस

राजस्थान के जिले सवाई माधोपुर की गंगापुर सिटी थाना कोतवाली के थाना अधिकारी को कोर्ट में सुनवाई के दौरान अपनी जांच रिपोर्ट में परिवादी एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया के विरुद्ध बिना सबूत तथ्यहीन आरोप लगाना भारी पड़ गया, दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट एवं हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तोमर राजा भईया ने इस बाबत संबंधित उपरोक्त थाना प्रभारी एसएचओ कोतवाली गंगापुर सिटी को उनकी मानहानि करने पर तथा गलत एवं गैर जिम्मेदाराना रिपोर्ट पेश करने पर पच्चीस लाख रुपए की क्षति पूर्ति करने और उनसे कोर्ट में लिखित माफी मांगने का नोटिस रजिस्टर्ड डॉक द्वारा भेजा है, साथ ही चेतावनी दी है कि माफी नहीं मांगने पर वह उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा कर कानूनी कार्यवाही भी करेंगे, भेजे गए लीगल नोटिस और डांक रसीद की प्रतियां पत्रकारों को देते हुऐ राजा भईया ने बताया की उन्होंने जनहित व न्यायहित में कई शिकायत केस/ इस्तगासे उपरोक्त थाना प्रभारी द्वारा उनकी दी शिकायतों पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं करने के खिलाफ माननीय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट (एसीजेएम) कोर्ट गंगापुर सिटी में कई बड़ी मछलियों के विरुद्ध दायर किये हुये हैं इनमें से कई मामले स्वयं उपरोक्त थाना प्रभारी के विरुद्ध भी उनके द्वारा एक लोक सेवक और पुलिस अधिकारी होने के दायित्वों की पालना नहीं करने के सन्दर्भ मे भी दायर है इन्हीं कुछ प्रकरणों की सुनवाई के दौरान एसीजेएम महोदय ने उक्त थाना अधिकारी से तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट तलब की हुई थी थाना अधिकारी ने द्वेष भावना से परिवादी एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर के इस्तगासो में दर्ज आरोपियों द्वारा किए गए अपराधों की और संलग्न किए गए दस्तावेजों की तो कोई जांच नहीं कि बल्कि उल्टा परिवादी अधिवक्ता का चरित्र हनन करते हुए उन्हें ब्लैकमेलर और सरकारी अधिकारियों पर दवाब बना कर गलत काम कराने वाला व्यक्ति साबित करने का प्रयास करते हुऐ अपनी जांच रिपोर्ट बिना किसी सबूत और तथ्य के कोर्ट में पेश कर दी, द्वेष और बदले की भावना से थाना प्रभारी ने उनकी मानहानि करते हुऐ उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है ऐसा आरोप लगाते हुये अधिवक्ता तोमर ने जांच रिपोर्ट की सत्य प्रतियाँ कोर्ट से ले कर उपरोक्त थाना प्रभारी को लीगल नोटिस भेजते हुये सात दिनों में उनकी की गई मानहानि के लिए तथा उनकी छवि बिगड़ने पर व उन्हें आर्थिक मानसिक व शारीरिक पीड़ा देने तथा कोर्ट को गुमराह करने कोर्ट में गलत तथ्य पेश करने अपने लोकसेवक एवं पुलिस अधिकारी होने के दायित्वों की नियमानुसार पालना नहीं करने गैर कानूनी व गैर जिम्मेदाराना कार्य करने पर बतौर हजार्ना पच्चीस लाख रुपए अदा करने, और उनसे कोर्ट में लिखित माफी मांगने तथा जांच रिपोर्ट से उनकी मानहानि कारक शब्दों को आगामी कोर्ट तारीख तक वापिस लेने अन्यथा उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।



राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया एडवोकेट
दिल्ली हाई कोर्ट एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष
हिन्दुस्तान शिवसेना
मो न– 811371054,9818951279

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया उन्होंने कहा कि आज के दौर में इंटरनेट एक बहुउपयोगी और बहुउद्देशीय उपकरण है, जो इंसानी जीवन के र क्षेत्र में आवश्यक जरूरत बन चुका है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का उपयोग यदि सुरक्षित और जिम्मेदारी से न किया जाए तो उससे जान-माल दोनों असुरक्षित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज एक ओर जहां इंटरनेट ने मानव जीवन की हर क्षेत्र में एक क्रांति पैदा कर दी है, वहीं इसके भयानक दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। साइबर फ्रॉड आज वैश्विक समस्या बन चुकी है। इससे बचने का एकमात्र तरीका यही है कि बहुत सावधानी और सजगता के साथ इसका प्रयोग करें और किसी भी लालच या जिज्ञासिया से वशीभूत होकर किसी भी अनजाने लिंक पर क्लिक न करें, क्योंकि वह साइबर फ्रॉड हो सकता है।

उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम से आम नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए साइबर सेल स्थापित किया है, जिसकी ब्रांचेस हर पुलिस थाने में स्थापित हैं। पुलिस साइबर सेल द्वारा न सिर्फ आम नागरिकों को साइबर फ्रॉड के प्रति जागृत किया जाता है बल्कि साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों की कथा संभव मदद भी की जाती है। उन्होंने जन सामान्य का आह्वान किया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखें और किसी अंजाने व्यक्ति से शेयर न करें, ऑनलाइन व्यवहार में सावधानी बरतें और यदि किसी दुर्भाग्यवश साइबर फ्रॉड के शिकार होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क कर साइबर अपराध की रिपोर्ट दर्ज कराएं।

कार्यक्रम में एनआईसी एवं पुलिस साइबर सेल के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा, डेटा प्रोटेक्शन तथा ऑनलाइन जोखिमों से बचाव के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, पुलिस साइबर सेल के विशेषज्ञ एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे

# मोटा महादेव मंदिर पर हरिद्वार से कांवड़ लाकर गुजरने वाले शिव भक्तों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर** तहसील नजीबाबाद के मंडावली क्षेत्र के अन्तर्गत सिद्ध पीठ मोटा महादेव मंदिर पर हरिद्वार से कांवड़ लाकर गुजरने वाले शिव भक्तों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क है। कांवड़ यात्रा को सकुशल और सुगमता से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी जसजीत कौर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कांवड़ मार्गों का निरीक्षण किया। मंगलवार को डीएम जसजीत कौर एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कांवड़ यात्रा को लेकर हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले शिव भक्तों की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कांवड़ियों के सुगम आवागमन और यातायात की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उन्होंने यात्रा मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की, जिसमें बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, लाइटिंग और सीसीटीवी कैमरों की स्थिति शामिल थी। जिलाधिकारी ने मार्गों पर साफ-सफाई और प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने यात्रा मार्गों पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए भी निर्देशित किया।इस दौरान स्थानीय प्रशासन उपस्थित रहा।

## फादरसन पब्लिक स्कूल में आशीर्वाद समारोह का सफल समापन




**वेलकम इंडियाः नितिन शर्मा**

**चाँदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इह्नी२२ल्लॅ ऊी१ङ्मल्ल८ का सफलतापूर्वक समापन हुआ।इस अवसर पर विद्यालय परिसर सकारात्मक ऊर्जा, भावनात्मक क्षणों एवं प्रेरणादायक वातावरण से परिपूर्ण रहा। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य महोदय एवं शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा उन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहकर लक्ष्य पर केंद्रित रहने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से विद्यार्थियों का मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ा।

विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समारोह का समापन किया।

# मदिया कटरा चौराहे पर पानी के रिसाव के चलते बच्चों से भरी बस सड़क में फंसी

**आगरा से संवाददाता मयूर खान**




**आगरा।** शहर के अत्यंत व्यस्त मदिया कटरा तिराहे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पानी की लाइन में लंबे समय से हो रहे लीकेज के कारण सड़क अचानक धंस गई।सड़क के नीचे की मिट्टी लगातार पानी बहने से बह चुकी थी, जिससे सड़क अंदर से पूरी तरह खोखली हो गई थी।इसी दौरान तिराहे से गुजर रही एक स्कूल बस सड़क धंसने से उसमें फंस गई, बस में स्कूली बच्चे सवार थे। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया बस के फंसते ही मदिया कटरा से दिल्ली गेट और मानसिक स्वास्थ्य केंद्र तक यातायात पूरी तरह ठप हो गया। दोपहर का समय होने और स्कूलों की छुट्टी एक साथ होने के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई। कई स्कूल वैन, अभिभावकों के वाहन और आम राहगीर जाम में फंस गए। सूचना मिलने पर मौके पर पार्षद अमित पटेल व विक्रांत पहुंचे और उन्होंने तत्काल विधायक पुरुषोत्तम खण्डेलवाल को घटना की जानकारी दी। विधायक खण्डेलवाल मौके पर पहुंचे और जाम व धंसी सड़क की स्थिति का निरीक्षण किया।स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने विधायक के सामने नगर निगम और जलकल विभाग पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। उनका कहना था कि पिछले चार दिनों से पानी की लाइन में लगातार रिसाव हो रहा था, जिसकी शिकायतें भी की गईं, लेकिन विभाग ने समय रहते मरम्मत नहीं कराई।इसी लापरवाही के चलते सड़क की नींव कमजोर हो गई और यह हादसा हुआ विधायक खण्डेलवाल ने मौके से ही जलकल विभाग के जीएम से फोन पर बात कर तुरंत कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए।इसके बाद जलकल विभाग की टीम जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंची और फंसी हुई बस को बाहर निकाला गया।साथ ही सड़क की खुदाई कर लीकेज ठीक करने का काम शुरू किया गया। यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया, हालांकि काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बसों और वैन में बैठे स्कूली बच्चे देर तक फंसे रहे, जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ गई क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि शहर भर में पानी की पुरानी लाइनों की जांच कराई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और आम जनता को राहत मिल सके।

## एसपी ने दो सिपाहियों को किया निलंबित



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर** के रेहड़ थाने में तैनात एक हेड कांस्टेबल और एक महिला सिपाही का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस मामले का संज्ञान लेते हुए, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने दोनों पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।सूत्रों के अनुसार, हेड कांस्टेबल और महिला सिपाही के कई वीडियो सामने आए हैं। इनमें से एक वीडियो में महिला सिपाही वर्दी में दिख रही है, जबकि अन्य वीडियो में वह वर्दी में नहीं है।ये वीडियो सरकारी आवास के अंदर के बताए जा रहे हैं, जिनमें दोनों आपत्तिजनक स्थिति में दिख रहे हैं।पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अपर पुलिस आयुक्त ने किया थाना छत्ता का वार्षिक निरीक्षण



**आगरा से संवाददाता मयूर खान**

**जनपद आगराः**-मंगलवार को अपर पुलिस आयुक्त, आगरा रामबदन सिंह ने थाना छत्ता का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर के विभिन्न हिस्सों जैसे हवालात, बैरक, सीसीटीएनएस कार्यालय, शस्त्रागार और मिशन शक्ति केंद्र का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की जांच, साफ-सफाई और व्यवस्थाओं की स्थिति का मूल्यांकन किया गया। अपर पुलिस आयुक्त ने शस्त्रों के रख-रखाव और साफ-सफाई के लिए संबंधित कर्मियों को निर्देश दिए। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित और संवेदनशील कार्यवाही के लिए भी निर्देश दिए गए। साथ ही मिशन शक्ति के तहत जनजागरूकता गतिविधियों को और मजबूत करने के लिए कहा गया।इस निरीक्षण का उद्देश्य थाना छत्ता की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाना है।

# अपराध नियंत्रण व शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस की सख्ती, बाबूगढ़ थाना प्रभारी ने किया पैदल गश्त



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, बाजारों एवं मुख्य मार्गों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है।इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन चेकिंग की गई तथा लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। पुलिस की इस सक्रियता से आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत होती नजर आई।वहीं बाबूगढ़ थाना प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने भी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त करते हुए बाजारों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए और भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।पुलिस के इस अभियान से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है तथा आम नागरिकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की है।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सानवी चौहान प्रथम : टीकम सिंह

**वेलकम इन्डिया, : नितिन शर्मा**




**ननूरपुर।** रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में ब्रेन क्वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एक से कक्षा दस तक के करीब 253 छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह के अनुसार कक्षा एक से सानवी चौहान प्रथम, रियांश त्यागी द्वितीय, उत्कर्ष चौधरी तृतीय कक्षा दो से आदि शर्मा प्रथम, आकृति द्वितीय, काव्या यादव तृतीय कक्षा तीन से रेयांश चौहान प्रथम, आरव चौहान द्वितीय, कार्तिक तृतीय कक्षा चार से तनीसी चौधरी प्रथम, आराध्या वशिष्ठ द्वितीय, सत्यम चौहान तृतीय कक्षा पांच से जीविका आर्य प्रथम, मानिक चौहान द्वितीय, अक्षिता कर्णवाल तृतीय कक्षा छ से तनिष्क चौहान प्रथम, विलेसी कौर द्वितीय, हर्षवर्धन सिंह तृतीय कक्षा सात से अन्या चौहान प्रथम, कंगन द्वितीय, विट्ठल यादव तृतीय कक्षा आठ से निकुंज राजपूत प्रथम, ध्रुव द्वितीय, मनी कर्णिका तृतीय कक्षा नौ से युवराज सिंह सिसोदिया प्रथम, करण यादव द्वितीय, आयुष वर्मा तृतीय कक्षा दस से अहम यादव प्रथम, देवांग त्यागी द्वितीय, सार्थक चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने सफल सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में गौरव चौहान, मुकुल शर्मा, अनुराग शर्मा, दीपक चौहान, रश्मि बंसल, शैलेंद्र कौर, कल्पना शर्मा, रितु रानी आदि का मुख्य योगदान रहा।

## काली माता मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भक्तों ने मांगा आशीर्वाद

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ के मोदीनगर रोड स्थित न्यू मिथिलेश बिहार संस्कृत मैरिज होम के सामने, गोयना मोदीनगर रोड पर बने काली माता मंदिर में इन दिनों भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आस्था का माहौल देखने को मिल रहा है। दूर-दराज से लोग अपने कष्टों के निवारण और मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना लेकर माता रानी के दरबार में पहुंच रहे हैं।मंदिर में आने वाले श्रद्धालु माता के चरणों में शीश झुकाकर अपने दुख-दर्द बताते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार अनेक भक्त यहां अपनी समस्याओं के समाधान की आशा लेकर आते हैं और आस्था के साथ लौटते हैं।इसी क्रम में दिल्ली निवासी राजेश पत्नी नंदकिशोर, जिनकी शादी को 16 वर्ष बीत चुके हैं और अब तक संतान प्राप्ति नहीं हुई है, माता रानी के दरबार में संतान सुख की कामना लेकर पहुंचीं। उन्होंने माता रानी से प्रार्थना की कि उन्हें शीघ्र संतान का सुख प्राप्त हो और माता का आशीर्वाद बना रहे।वहीं बबीता पत्नी विनोद, निवासी जसरूप नगर, मूल निवासी ग्राम बुगरासी जिला बुलंदशहर, लंबे समय से पेट दर्द की समस्या से परेशान थीं। उन्होंने कई वैद्यों, हकीमों और मेडिकल उपचार का सहारा लिया, लेकिन राहत नहीं मिली।

# समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह जी से गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा ने मुलाकात की

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**




**हापुड़** जनपद के समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह जी से गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के समाजवादी पार्टी के नेता आशुतोष शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की और गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा से संबंधित कई विषयों पर सकारात्मक चर्चा की आशुतोष शर्मा ने बताया गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में पिछले 10 वर्षों में जो काम किए गए हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को अवगत कराया गया है और हापुड़ जनपद में आने के लिए निमंत्रण दिया गया है जूही सिंह जी जल्दी ही हापुड़ जनपद में समाजवादी महिला सम्मान समारोह में आने का वादा किया है और समाजवादी पार्टी को मजबूत करने के लिए मार्गदर्शन किया है। गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में पिछले 10 वर्षों से शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अब तक 100 से अधिक कार्यक्रम समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया जा चुके हैं जिसमें 50000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया है आज गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में हजारों लोग आशुतोष शर्मा के साथ मिलकर लगातार कार्य कर रहे हैं।आशुतोष शर्मा ने बताया प्रत्येक वर्ष महिला सम्मान समारोह गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में आयोजित किया जाता है जिसमें हजारों महिलाओं को सम्मान किया जाता है 2025 में महिला सम्मान समारोह में 5000 महिलाओं ने हिस्सा लिया इस बार भी गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में ऐतिहासिक महिला सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह जी मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगी।

## लखनऊ में समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह से आशुतोष शर्मा की शिष्टाचार भेंट

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

**हापुड़** लखनऊ में समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह से गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा से जुड़े विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

आशुतोष शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया कि गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र में पिछले 10 वर्षों के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में 100 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 50 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में हजारों कार्यकर्ता उनके साथ मिलकर क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं।

साथ ही उन्होंने जूही सिंह को हापुड़ जनपद आने का निमंत्रण भी दिया।राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने शीघ्र ही हापुड़ जनपद में आयोजित होने वाले समाजवादी महिला सम्मान समारोह में शामिल होने का आश्वासन दिया तथा पार्टी को मजबूत करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। आशुतोष शर्मा ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में प्रत्येक वर्ष महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों महिलाओं को सम्मानित किया जाता है।

# पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री के मुरादाबाद आगमन पर स्वर्ण समाज एवं ब्राह्मण महासभा द्वारा भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया

**मुरादाबाद।** बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट एवं यूजीसी कानून के विरोध में आधिकारिक पद से त्यागपत्र देने वाले अलंकार अग्निहोत्री मुरादाबाद पहुंचे। उनके आगमन पर स्वर्ण समाज एवं ब्राह्मण समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। लाइनपार स्थित माता मंदिर में दर्शन-पूजन के पश्चात उन्होंने प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

प्रेस वार्ता में अलंकार अग्निहोत्री ने यूजीसी कानून को ह्लदेश की शिक्षा व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा काला कानूनह्व बताते हुए कहा कि ठएढ 2020 के नाम पर विदेशी एजेंडे को लागू करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे भारतीय शिक्षा, संस्कृति और स्वायत्तता को गहरी चोट पहुंच रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उन्होंने पद और सुविधा से ऊपर सत्य और राष्ट्रहित को चुना है।

उन्होंने कहा कि वे किसी राजनीतिक दल से नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज से जुड़े हुए हैं और शिक्षा बचाने की यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। युवाओं से उन्होंने यूजीसी कानून के खिलाफ लोकतांत्रिक एवं



वैचारिक आंदोलन को मजबूत करने की अपील की।


इस अवसर पर ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने कहा कि अलंकार अग्निहोत्री का त्यागपत्र समाज और राष्ट्र के लिए ऐतिहासिक कदम है। ब्राह्मण समाज सत्य और राष्ट्रहित के साथ मजबूती से खड़ा है। माता मंदिर प्रांगण ह्लजय माता दीह्व और राष्ट्रहित के नारों से गूंज उठा। उपस्थित जनसमूह ने अलंकार अग्निहोत्री के विचारों का समर्थन करते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में यह निर्णय लिया गया कि यूजीसी कानून एवं शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर शीघ्र ही व्यापक विचार-गोष्ठी एवं जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रजत शर्मा, अभिषेक शर्मा, प्रदीप शर्मा, दुष्यंत कौशल, रोहतास शर्मा, अनूप मिश्रा, विनय पांडेय, बॉबी सक्सेना, रंजीत सक्सेना, मुकुल अग्रवाल, चमन चौहान, समाजसेवी पंडित शरद शर्मा, शैलेश शर्मा, अमित शर्मा, अंकित त्यागी, सुदेश चौहान, महेश पाठक सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गोवर्धन के रामनगर गांव में श्मशान घाट नहीं, एक साथ दो मौतों से खड़ी हुई दाह संस्कार की समस्या

वेलकम इण्डिया

**मथुरा/गोवर्धन।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत जचौदा के मजरा रामनगर गांव में श्मशान घाट न होने के कारण ग्रामीणों को वर्षों से दाह संस्कार के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार की सुबह स्थिति उस समय और गंभीर हो गई, जब गांव में एक साथ दो लोगों की मौत हो गई और परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए जगह तक नहीं मिल सकी। गांव निवासी बरसा पत्नी प्रेम सिंह (उम्र लगभग 30 वर्ष) की हृदय गति रुकने से मौत हो गई, जबकि बृजमोहन पुत्र रामप्रसाद (उम्र लगभग 65 वर्ष) का बीमारी के चलते निधन हो गया। दोनों शवों के दाह संस्कार के लिए परिजन और ग्रामीण जब श्मशान स्थल की ओर गए तो उन्हें कीचड़ से होकर गुजरना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि रामनगर गांव में कई वर्षों से श्मशान घाट का निर्माण



नहीं हुआ है। इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत प्रधान, सचिव, एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। बृजमोहन के परिजनों ने बताया कि श्मशान स्थल पर पहले से एक दाह संस्कार चल रहा था, जिस कारण उन्हें अपने पिता के अंतिम संस्कार के लिए इंतजार करना पड़ा। वही ग्रामीण रंजीत सिंह, रूपकिशोर , बच्चू सिंह, राजेश, महेंद्र सिंह, महावीर सिंह, पदम सिंह, बबली , संजू, सहित अन्य ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से गांव में श्मशान स्थल बनवाने की मांग की है। मामले को लेकर जब ग्राम पंचायत सचिव प्राची से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें ग्राम पंचायत जचौदा में तैनात हुए करीब पांच महीने हुए हैं। रामनगर में श्मशान घाट की समस्या पहले से चली आ रही है। अधिकारियों द्वारा स्थल का निरीक्षण किया जा चुका है और संबंधित रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। जल्द ही गांव में श्मशान घाट का निर्माण कराया जाएगा।

# प्लॉट बेचने के नाम पर 10 लाख और चांदी के जेवर बनाने के नाम पर 8.24 लाख की ठगी, आरोपित फरार

वेलकम इण्डिया

**मथुरा।** शहर में धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें आरोपियों ने प्लॉट बेचने और चांदी के जेवर बनाने का झांसा देकर दो अलग-अलग लोगों से करीब 18 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर फरार हो गए। पीड़ितों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। राधा ऑर्चिड निवासी महेश गर्ग ने अपनी शिकायत में बताया कि वृंदावन निवासी दिनेश अग्रवाल, उसके पुत्र मुकुंद अग्रवाल और सहयोगी मनोज वर्मा का उनके घर आना-जाना था, जिससे उन्होंने उनका विश्वास जीत लिया। आरोपियों ने बताया कि उनका एक प्लॉट वृंदावन बांगर में स्थित है, जिसे वे व्यापार में पैसों की जरूरत के चलते बेचना चाहते हैं। आरोपियों ने बाजार से कम कीमत पर प्लॉट देने का प्रस्ताव रखा और प्लॉट दिखाया, जो पसंद आने पर 50 लाख रुपये में सौदा तय हो गया। विश्वास दिलाने के लिए आरोपियों ने प्लॉट के बैनामे की फोटो कॉपी भी दी और तीन माह में रजिस्ट्री कराने का आश्वासन दिया। आरोप है कि 5 अगस्त 2025 को पीड़ित महेश गर्ग ने अपने आवास पर दिनेश, मुकुंद और मनोज वर्मा को 10 लाख रुपये नकद एडवांस के रूप में दे दिए। इसके बाद आरोपियों ने समय बीतने के बावजूद रजिस्ट्री नहीं कराई और बहाने बनाते रहे। जब पीड़ित ने संपर्क करने का प्रयास किया तो आरोपियों के मोबाइल बंद मिले और उनके घर पर भी ताला लगा मिला। बाद में पता चला कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी की और शहर छोड़कर फरार हो गए। इसी प्रकार गुड़हाई बाजार स्थित चांदी कारोबारी राकेश गोयल ने भी आरोप लगाया है कि दिनेश अग्रवाल, मुकुंद और मनोज वर्मा ने चांदी के जेवर बनाने का झांसा देकर उनसे 5 किलो चांदी ले ली, जिसकी कीमत करीब 8 लाख 24 हजार रुपये है।

# राष्ट्रीय कृमि दिवस पर छात्रों को खिलाई गई दवा




वेलकम इण्डिया

**मथुरा**/बलदेव ।राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में मंगलवार को बच्चों को पेट के कीड़ों (कृमि) से मुक्त करने के लिए चबाकर खाई जाने वाली एल्बेंडाजोल नामक कृमिनाशक गोली खिलाई गई। यह सुरक्षित गोली शिक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रि की उपस्थिति में खिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ जगदीश पाठक ने बताया कि कृमिनाशन गोली खिलाए जाने का मुख्य उद्देश्य कि बच्चों को बेहतर सेहत, पोषण के साथ-साथ उचित ढंग से उनका शारीरिक और मानसिक विकास करना तथा सीखने की प्रक्रिया को बाधित न होने देना है। उन्होंने बताया कि आमतौर पर यह देखा जाता है कि जो बच्चे बिना जूते पहने मैदान में खेलते हैं, बिना हाथ धोए खाना खाते हैं, शौचालय नियमित उपयोग नहीं करते है, शौच के उपरांत व्यवस्थित रूप से हाथ नहीं धोते हैं तथा दूषित फल और सब्जियों का सेवन करते हैं, तो उन्हें कृमि संक्रमण होने की संभावना सर्वाधिक होती है।

# जिलाधिकारी ने राजस्व संवर्धन की बैठक में दिए सख्त निर्देश।

वेलकम इण्डिया

**बागेश्वर**,गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व संवर्धन की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों की राजस्व संवर्धन की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व वृद्धि एवं प्रशासनिक कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।जिलाधिकारी ने पुराने लंबित वादों को प्राथमिकता मेंरखते हुए व्यक्तिगत रूप से उसका समाधान करने के साथ ही न्यायालय में अर्जेंसी फाइल करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मामलों में प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित करने के लिए अभियोजन विभाग को पुलिस



के साथ संयुक्त रूप से कार्यशालाएं आयोजित कराने के निर्देश दिए ।उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण करने,एंटी ड्रग कमेटी की बैठकें आयोजित करने तथा ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस एवं एआरटीओ के साथ संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके ।उन्होंने संभागीय परिवहन अधिकारी को शत-प्रतिशत राजस्व लक्ष्य प्राप्त करने तथा बिना फिटनेस वाहन संचालन, बिना हेलमेट एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए। जिला पूर्ति अधिकारी को राशन कार्ड सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा गलत तरीके से राशन कार्ड जारी करने वाले अधिकारियों पर 10 दिनों के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को सस्ता गल्ला गोदामों का नियमित निरीक्षण करने एवं खाद्य सामग्री की सैंपलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए ।तहसीलदार गरुड़ को ट्रेंचिंग ग्राउंड हेतु मानकों के अनुरूप भूमि चिन्हित करने तथा उप निबंधक को सप्ताह के अंतिम दो दिन गरुड़ में बैठकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। बिना तैयारी के उपस्थित होने पर एआरटीओ का वेतन रोकने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी एन एस नबियाल, सभी एसडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# परमात्मा ही है परम सत्य- पं मदन मोहन शास्त्री

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** राधापुरम स्टेट कॉलोनी के मंदिर प्रांगण में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथा व्यास ने पं. मदन मोहन शास्त्री ने भगवान कृष्ण के जन्म एवं लीलाओं की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। पं. मदन मोहन शास्त्री ने कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है। जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के घरों से माखन चोरी की। इस घटना के पीछे भी आध्यात्मिक रहस्य है। दूध का सार तत्व माखन है। उन्होंने गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया और असार को छोड़ दिया। प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है।

# अड़ींग में 250 बच्चों से कृमि मुक्ति दिवस शुरू, तीन विद्यालयों में जाकर दी पेट के कीड़े मारने को एलबेंडाजोल की खुराक

वेलकम इण्डिया

**मथुरा।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 10 फरवरी को गांव अड़ींग के विद्यालयों में अभियान चलाकर करीब 250 बच्चों को पेट के कीड़े मारने को एलबेंडाजोल की गोलियां खिलाई गई। कम्युनिटी हैल्थ आफिसर जेबा खान ने तीन विद्यालयों में जाकर शिक्षक और बच्चों को जागरूक किया। अगले तीन दिनों में आशा कार्यकत्री सभी विद्यार्थियों को स्कूल में जाकर दवा खिलाएंगी।

मिस खान ने बताया कि राजकीय भारतीय इण्टर कालेज में 273 के सापेक्ष 100 बच्चों, प्राइमरी पाठशाला में 153 के सापेक्ष 80



बच्चों को तथा एस एस एन पब्लिक स्कूल में 50 बच्चों को एलबेंडाजोल की टैबलेट खिलाई गई। उन्होंने बताया कि 2 साल से बड़े बच्चे को एक गोली एवं छोटे को आधी गोली खिलाई गई। उन्होंने शिक्षक एवं आशा बहनों को बताया कि गोली खाना खाने के बाद ही देनी है।

गांव में बच्चे हजारों की संख्या में हैं। आशा हर दिन विद्यालय चिन्हित कर कृमि मुक्ति अभियान को गति देंगी।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर हुई कार्यशाला

वेलकम इण्डिया

**बागेश्वर**, गोविन्द मेहता,सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर जिला सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। हर वर्ष फरवरी माह के दूसरे मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम ह्लस्मार्ट टेक, सेफ चॉइस झ्र एक्सप्लोरिंग द सेफ एंड रिस्पांसिबल यूज ऑफ एआईह्व रही। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग पूरी सतर्कता और समझदारी के साथ करें। उन्होंने कहा कि तकनीक का प्रयोग करते समय गोपनीयता, सुरक्षा और जिम्मेदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।




जिलाधिकारी ने बच्चों को शिक्षा में एआई का सकारात्मक उपयोग करने तथा अज्ञात नंबरों से आने वाली कॉल को रिसीव न करने की भी सलाह दी। कार्यशाला में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग को लेकर बताया गया कि आज इंटरनेट का उपयोग ई-शॉपिंग, डिजिटल पेमेंट, ई-लर्निंग, सोशल मीडिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक रूप से हो रहा है, ऐसे में सतर्कता और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एकता बोरा ने मजबूत और यूनिक पासवर्ड रखने, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन सक्षम करने तथा संदेहास्पद लिंक और लालच भरे संदेशों से बचने के साथ ही बच्चों के लिए सेफसर्च पैरेंटल कंट्रोल टूल्स जैसे विकल्पों की जानकारी दी ।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एन एस नबियाल सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार्यक्रम के दौरान विवाद; पुलिस और कार्यकताओं में नोकझोंक, दो वाहनों का चालान, एक वाहन सीज

वेलकम इण्डिया

**मेरठ** (जाकिर तुर्क)। किठौर कस्बे के शाहजमाल क्षेत्र स्थित वसीयत फार्म हाउस में मंगलवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन द्वारा एकता का संदेशह्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी शुऐब त्यागी अधिवक्ता ने की। इस अवसर पर एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।सभा को संबोधित करते हुए शौकत अली ने




कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी मुसलमान अपने राजनीतिक हितों को सही ढंग से नहीं समझ पाए हैं। उन्होंने आपसी मतभेद भुलाकर एक मंच पर संगठित होने तथा सशक्त राजनीतिक एकता स्थापित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के लिए समाज स्वयं भी आंशिक रूप से उत्तरदायी है, क्योंकि न तो कोई मजबूत राजनीतिक दल खड़ा किया गया और न ही प्रभावशाली नेतृत्व विकसित हो सका ।प्रदेश अध्यक्ष ने स्वतंत्रता के बाद की राजनीति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय कांग्रेस, मुस्लिम लीग और हिंदू महासभा प्रमुख राजनीतिक शक्तियाँ थीं। मुसलमानों ने कांग्रेस को स्वाभाविक विकल्प मानकर समर्थन दिया, किंतु समय के साथ कांग्रेस सर्वसमाज की पार्टी बन गई। इसके विपरीत अन्य वर्गों ने समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड) और तेलुगु देशम पार्टी जैसे दलों के माध्यम से अपनी राजनीतिक पहचान बनाई और अपने हितों की रक्षा की ।कार्यक्रम के दौरान पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर को लेकर की गई टिप्पणी से वातावरण तनावपूर्ण हो गया। इस विषय पर सुभासपा के मीडिया प्रभारी और शौकत अली के बीच तीखी बहस हुई, जिसे बाद में उपस्थित कार्यकताओं ने हस्तक्षेप कर शांत कराया ।इधर, कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे एआईएमआईएम कार्यकताओं के काफि ले को मेरठझ्रहापुड़ सीमा पर किठौर पुलिस ने रोक लिया।

# आयुर्वेद चिकित्साधिकारी संघ की कार्यकारिणी का गठन

वेलकम इण्डिया

**बागेश्वर।** आयुर्वेद चिकित्साधिकारी संघ की जिला इकाई की सोमवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरज कोहली उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी बागेश्वर तथा चिकित्सा अधिकारी संघ की संरक्षक डॉ. निष्ठा शर्मा कोहली मौजूद रहीं ।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत किया गया तथा वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश सिंह



का अभिनंदन किया गया ।बैठक के दौरान सर्वसम्मति से जिला आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें डॉ. एजल पटेल को जिलाध्यक्ष, डॉ. ईश्वर प्रकाश को सचिव, डॉ. विपिन चंद्रा को उपाध्यक्ष, डॉ. सविता सनवाल को महिला उपाध्यक्ष, डॉ. पंकज मिश्रा को उप सचिव, डॉ. हेमा गोस्वामी को आय-व्यय निरीक्षक एवं डॉ. संजय आगरी को मीडिया प्रभारी निर्वाचित किया गया ।नवगठित कार्यकारिणी को प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. नीरज कोहली ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# मानवता की जीत: पुलिस की सतर्कता से नवजात शिशु सकुशल बरामद, 07 अभियुक्त गिरफ्तार



वेलकम इण्डिया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसओजी प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह, सर्विलांस प्रभारी अभिमन्यु सिंह व प्रभारी निरीक्षक थाना बेलहरकला अनिल कुमार के गठित टीम द्वारा एसओजी टीम प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह, हे0का0 विवेक कुमार राय, हे0का0 अनूप कुमार राय, का0 अभिषेक सिंह, का0 दीपक सिंह, का0 सर्वेश मिश्रा, का0 वीर बहादुर यादव, का0 शुभम सिंह, का0 विवेक मिश्रा, का0 अरूण हलवाई ।प्रभारी निरीक्षक थाना बेलहरकला अनिल कुमार, उ0नि0 नन्दा प्रसाद, उ0नि0 रविन्द्र नाथ शर्मा, हे0का0 राजीव सिंह यादव, का0 राहुल कुमार, का0 बृजेश सिंह, का0 रोहित कुमार, म0का0 बैष्णवी शुक्ला, म0का0 अंजूलता, सर्विलांस प्रभारी उ0नि0 श्री अभिमन्यु सिंह, का0 ज्ञान प्रकाश सिंह, का0 अमरजीत मौर्या, का0 नितीश कुमार, महिला थाना प्रभारी श्रीमती पूनम मौर्या, म0का0 विनीता सिंह ने मंगलवार को कुल 07 अभियुक्तगणो को बालूशासन पुल के पास से गिरफ्तार किया गया । दिनांक 09.02.2026 को वादिनी द्वारा थाना बेलहरकला पर एक प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें बताया गया कि दिनांक 08.02.2026 को समय लगभग सायं 05:00 बजे, जब वादिनी नरायनपुर से बाजार कर जंगल के रास्ते अपने घर वापस जा रही थी और अपने गांव के निकट पहुँची ही थी, तभी रास्ते में पीछे से आए एक अज्ञात पुरुष एवं एक अज्ञात महिला ने वादिनी की गोद में मौजूद उसका लगभग 01 माह का नवजात शिशु छीन लिया तथा जंगल की ओर भाग गए ।उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना बेलहरकला पर मु0अ0सं0 28/2026, धारा 140(1) बीएनएस के अंतर्गत अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

## दिव्यांग प्रदीप यादव बना असिस्टेंट प्रोफेसर, परिवार व गांव में खुशी

**मिजार्मुराद** कछवारोड़। आराजी लाइन ब्लॉक के प्रतापपुर (मिल्कीपुर) गांव निवासी बच्चा राम यादव का पुत्र दिव्यांग प्रदीप यादव ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली परीक्षा यूजीसी नेट में सफल होकर प्रखंड के साथ गांव को गौरवांवित किया है।प्रदीप यादव दोनों पैर से दिव्यांग है और हाल में प्रदीप एक प्राइवेट विद्यालय में पढ़ा रहा था साथ ही यूजीसी नेट की तैयार कर पेपर दिया था और मेहनत लगन से उनको ये सफलता हासिल हुआ।नेट का रिजल्ट बीते 4 फरवरी को ही आ गया था लेकिन प्रदीप देख नही पाया था मंगलवार को दोपहर में अपना रिजल्ट देखा तो खुशी का ठिकाना नही रहा।असिस्टेंट प्रोफेसर बनने पर परिवार में माता-पिता समेत दोस्त व गांव सहित इलाको में खुशी का माहौल रहा।गांव के लोग व दोस्त लोग घर पहुंच प्रदीप को मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर बधाई दिया।वही भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# नॉर्थ-ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, मेघालय के छात्रों ने किया कृषि विज्ञान केंद्र, वाराणसी का शैक्षणिक भ्रमण



संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** नॉर्थ-ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी (ठएल्ठव), मेघालय के छात्रों के एक दल ने कृषि विज्ञान केंद्र, कल्लीपुर वाराणसी का मंगलवार को शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर छात्रों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं नवाचारों की जानकारी दी गई।भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक श्री प्रकाश सिंह द्वारा बीज उत्पादन एवं बीज तकनीक से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं। वहीं डॉ. मनीष पाण्डेय ने संरक्षित खेती (प्रोटेक्टेड कल्टीवेशन) की उपयोगिता, तकनीक एवं व्यावसायिक संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।डॉ. राहुल कुमार सिंह, वैज्ञानिक (कृषि प्रसार) द्वारा समेकित कृषि प्रणाली इकाई के अंतर्गत फसल, पशुपालन, बागवानी एवं अन्य घटकों के समन्वय से आय बढ़ाने के मॉडल की जानकारी दी गई। इसके साथ ही डॉ. पूजा सिंह ने पशुपालन आधारित उद्यमिता एवं उसके महत्व पर छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर नॉर्थ-ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, मेघालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. देवेश तिवारी भी उपस्थित रहे। छात्रों ने कृषि विज्ञान केंद्र की विभिन्न इकाइयों का अवलोकन कर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया और वैज्ञानिकों से संवाद कर अपने जिज्ञासाओं का समाधान किया।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सक शिविर का सफल आयोजन




वेलकम इण्डिया

**संतकबीरनगर।** इफको एमसी एवं गन्ना विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 09/02/2026 को गन्ना विकास इण्टर कॉलेज खलीलाबाद संत कबीर नगर में एक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सक शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के आम नागरिकों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराना था। इस शिविर में अयोध्या ऑय हॉस्पिटल के अनुभवी एवं योग्य नेत्र चिकित्सकों द्वारा मरीजों की आँखों की जाँच की गई तथा आवश्यकतानुसार उन्हें उचित परामर्श एवं दवाइयाँ नि:शुल्क प्रदान की गईं। बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम के मुख्य जिला उपाध्यक्ष भाजपा श्री अमर राय जी, डॉ दिनेश्वर मिश्र जी गन्ना आयुक्त मुख्यालय, विशिष्ट अतिथि उप गन्ना आयुक्त यशपाल सिंह जी पूर्वी क्षेत्र गोरखपुर, जिला गन्ना अधिकारी डॉ अंगद सिंह जी, अध्यक्ष खलीलाबाद हरकेश चौधरी, अध्यक्ष मुंडेरवा सुरेंद्र राय जी, गोविन्द नगर अध्यक्ष पुस्करादित्य सिंह जी, प्रबंधन श्री सोभित कुमार शर्मा जी, गन्ना विकास प्रधानाचार्य श्री अभिषेक शर्मा जी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षण खलीलाबाद, मुंडेरवा, सचिव खलीलाबाद भगवत शरण दीक्षित , चीनी मिल से एस. एन राय जी उपस्थित रहे ।

इफको एमसी के सीनियर रीजनल मैनेजर श्री आशीष सेमवाल जी इफको से श्री आशीष कुमार वर्मा जी,टी. बी. ई अजीत सिंह जी ,टी. बी. ई उपेन्द्रनाथजी , योगेन्द्र कुमार इफको से एस एफ ए हॉटस्पॉट पंकज चौधरी, एस एफ ए गिरजेश मौर्य उपस्थित रहे। डॉ दिनेश्वर मिश्र जी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नेत्र स्वास्थ्य मानव जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है तथा इस प्रकार के नि:शुल्क शिविर समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इफको द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने इफको एमसी का इस कार्य के लिए धन्यवाद किया । शिविर में रुचिर महिला स्वयं सहायता समूह, उमरिया पाण्डेय तथा अंजली महिला स्वयं सहायता समूह, गौरापार के बारे में जानकारी दी गई श्री आशीष सेमवाल जी ने इफको एमसी द्वारा किसान हित में किए जाने वाले कार्यों के के बारे विस्तृत जानकारी दी । इस कार्यक्रम में लगभग 350 कृषक व बच्चे ने भाग लिया, जिसमें 138 लोगो को चश्मा व 173 लोगो को आई ड्रॉप वितरण किया गया। तथा शुगर व बी.पी. का जांच किया गया। तथा जनपद गोरखपुर, खलीलाबाद , बस्ती गन्ना विभाग, इफको एवं इफको एमसी के सभी अधिकारी उपस्थित रहे । आशीष सेमवाल द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि महोदय एवं किसानों का धन्यवाद करते हुए सहयोग की कामना एवं आभार व्यक्त किया ।

# ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव सम्पन्न

वेलकम इण्डिया

**संतकबीरनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर मंगलवार के दिन ब्लॉक संसाधन केंद्र सेमरियावां पर आयोजित किया गया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह संचालन नोडल संकुल शिक्षक जफीर अली ने किया। सीडीपीओ सरोज यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बुनियादी साक्षरता एवं प्राथमिक अंकीय दक्षता प्राप्त करने हेतु पूर्व प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमिकरण किया जाना लक्षित है।प्रदेश को निपुण बनाने हेतु निर्धारित लक्ष्यों की संप्राप्ति आयु 5 से 8 आयु वर्ग के निपुण बच्चों के माध्यम से प्राप्त किया जाना है।इसके अंतर्गत बाल वाटिका आयु वर्ग 5 से




6 आयु वर्ग एवं विद्यालय में नामांकित कक्षा एक से दो समस्त बच्चे सम्मिलित हैं। सीडीपीओ सरोज यादव ने बालवाटिका एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की निरंतर प्रगति और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग की प्रशंसा की।लक्षित वर्ग के बच्चों को भाषा एवं अंकित दक्षता प्राप्त करने हेतु प्रयासरत हैं।इनके कार्य सराहनीय हैं। हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम को संजय द्विवेदी, नोडल शिक्षक अब्दुर्रहीम , मो आजम,राम निवास,जुबेर अहमद, डॉ आशीष गौतम,मनोज कुमार ने ब्लॉक को निपुण बनाने हेतु शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी को प्रेरित किया। इस अवसर पर ब्लॉक के बारह न्याय पंचायत से चयनित कक्षा एक दो के 60 निपुण बच्चों को स्टेशनरी सामग्री देकर पुरस्कृत किया गया।बच्चे इनाम पाकर काफी खुश नजर आए। उत्सव में सर्वेश प्रताप नागवंशी,राम राज, वीना,गुंजन,कृष्णराव,अजीजुल्लाह ,अंजलि पाण्डेय,धर्मेंद्र मौर्य,मुबारक हुसैन आदि मौजूद रहे।

# ृतक महिला पहलवान के घर पर पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष, परिवार को ढांढस बांधे



संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद** कछवारोड़।* मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के ठठरा गांव (मिजार्मुराद) में बीते 4 फरवरी को जहर खाकर आत्महत्या करने वाली राज्यस्तरीय महिला पहलवान निधि सिंह के घर मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आदेश पर वाराणसी जिलाध्यक्ष सुजीत यादव 'लक्कड़ पहलवान' पहुंचे।मृतक के भाई शिवम सिंह व दादा माता दयाल सिंह व दादी श्याम देवी से मिलकर परिवार को ढांढस बांधे।जिलाध्यक्ष ने कहां की बहुत ही कम समय में निधि सिंह महिला पहलवान के रूप में आसपास के जिलों समेत अन्य राज्यों में लोकप्रिय हो चुकी थी।उसके इस उठाएं हुए कदम से खेल व कुश्ती प्रेमियों में भी बहुत बड़ा झटका लगा है।कई जगह किश्तियों में मेरी भी मुलाकात निधि से हुई थी काफी होनहार थी।राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश पर परिवार से मिलने आया हूं परिवार के साथ इस दुःख के खड़ी में हम सभी साथ खड़े है और हर सम्भव मदद परिवार का किया जाएगा।परिवार में निधि से जाने से गम का पहाड़ टूट पड़ा है

# यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर सड़क किनारे से हटवाया गया अतिक्रमण, लोगो को किया गया जागरुक

वेलकम इण्डिया

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात प्रियम राजशेखर पाण्डेय के उपस्थिति में प्रभारी यातायात परमहंस ने मेहदावल बाईपास से लेकर आशीर्वाद मोड़ तक अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटवाया तथा फुटपाथ के किनारे अवैध रूप से लगाये गये ठेले, अनियमित तरीके से किये गये वाहन पार्किंग/वाहन स्टैण्ड द्वारा किये, अतिक्रमण को हटाया । आम जनमानस को यातायात जागरुकता के नियमों के बारें में जागरुक करते हुए वाहन



चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ लोगों से अपील भी किया गया कि वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें ।

# किंग्सवुड पब्लिक स्कूल में बच्चों को खिलवाई एल्बेंडाजोल की टैबलेट


वेलकम इण्डिया

**बुलंदशहर।** नगर के दिल्ली रोड पर स्थित किंग्सवुड पब्लिक स्कूल में स्कूली बच्चों को एलवंडाजोल टेबलेट खिलाई गई। क्योंकि पेट में कीड़े होने के कारण बच्चों को भूख कम लगती है। बार-बार उल्टी-दस्त होते हैं। पेट में दर्द रहता है तो इस परेशानी की वजह कीड़े हो सकते हैं। इससे बच्चे कुपोषित होते हैं और शारीरिक मानसिक विकास प्रभावित होता है। इसके बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को पेट से कीड़े निकालने की दवा सभी स्कूली बच्चों को एक साथ एल्बेंडाजोल की गोली खिलवाई। कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीओ॰ निशा ग्रेवाल ने दिल्ली पब्लिक स्कूल



में बच्चों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाकर किया। वहीं सीएमओ॰डा॰सुनील कुमार दोहरे ने बताया कि जिले में एक से 19 साल तक के 16 लाख 54 हजार 228 बच्चों और किशोरों को एल्बेंडाजोल खिलाई गई। स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में कैंप लगाकर बच्चों को दवा खिलाई गई। इसके लिए टीम बना दी है। पेट में कीड़े की परेशानी से बच्चे कुपोषित हो जाते हैं। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा॰प्रवीण कुमार ने बताया कि एल्बेंडाजोल दवा खिलाने से बच्चों के पेट के कीड़े नष्ट हो जाते हैं। टीम की निगरानी में ही दवा खिलाने के निर्देश दिए गए हैं। दवा चबाकर खिलाई जाती है। जो बच्चे नहीं चबा सकते उन्हें ये पीसकर खिलाई गई।

# साइबर क्राइम थाना द्वारा थाना दुधारा क्षेत्रांतर्गत सेमरियावां में आंगनबाड़ी



वेलकम इण्डिया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम अमित कुमार के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम थाना द्वारा थाना दुधारा अन्तर्गत सेमरियावां बाजार में आंगनबाड़ी, आशा बहुओं कार्यकताओं को ह्लसाइबर अपराधों से बचावह्व विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं साइबर सेल के विशेषज्ञों द्वारा लगभग 300 लोगों को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, लिंक क्लिक धोखाधड़ी सहित विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई ।साथ ही बताया गया कि किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज पर तुरंत प्रतिक्रिया न दें तथा किसी भी स्थिति में अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें ।

# हाईस्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए डीएम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।


वेलकम इण्डिया

**बुलंदशहर** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित कराई जाने वाली हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 को नकलविहीन, पारदर्शी,सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में ललता प्रसाद सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में जनपद में बनाए गए सभी परीक्षा केंद्रों के केन्द्र व्यवस्थापक, ड्यूटी में लगे स्टैटिक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सचल दल प्रभारी की बैठक आहूत हुई। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक श्री विनय कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 द्वारा हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा



दिनांक 18 फरवरी, 2026 से प्रारम्भ होकर दिनांक 12 मार्च, 2026 तक सम्पन्न होगी। परीक्षा दो पालियों में होगी, प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 08:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 02:00 बजे से 05:15 बजे तक आयोजित होगी। जनपद बुलन्दशहर में 109 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। समस्त परीक्षा केन्द्रों पर आधार भूत सुविधायें जैसे, सी0सी0टी0सी0 कैमरे, स्ट्रांग रुम, फर्नीचर की उपलब्धता, शौचालयों की उपलब्धता सहित अन्य सभी व्यवस्था को कराया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त समस्त परीक्षा केन्द्रो पर आन्तरित एवं वाह्य कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की गयी है। परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का जनपद स्तर पर बने कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी की जाएगी। जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल के तैनाती रहेगी। संकलन केंद्र एवं सचल दल के साथ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। साथ ही अवगत कराया गया कि परीक्षा केन्द्रो से परीक्षा उपरान्त गोपनीय सामग्री को संकलन केन्द्रो पर जमा कराने के लिए पुलिस कर्मियों के साथ ही लेकर जाए। परीक्षा केन्द्रों पर तैनात समस्त केन्द्रव्यवस्थापकों को स्ट्रांग रुम की सुरक्षा एवं चाबी रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि बोर्ड परीक्षा-2026 को नकलविहीन, शुचिता के साथ सकुशल सम्पन्न कराने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार ही सभी केंद्र पर व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

# आगामी पर्व को लेकर एसडीएम एवं सीओ ने मंदिरों का किया निरीक्षण।




वेलकम इण्डिया

**बुलंदशहर** आगामी पर्व फाल्गुन मास कांवड यात्रा 2026 के दृष्टिगत मंगलवार को क्षेत्राधिकारी नगर प्रखर पाण्डेय एवं उपजिलाधिकारी सदर दिनेश चन्द द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख मंदिरों का निरीक्षण किया गया तथा मंदिर के पुजारियों से वार्ता कर व्यवस्था के बारे में जानकारी ली गयी। इसके उपरान्त द्वारा कानून व्यवस्था के दृष्टिगत शहर के मिश्रित आबादी में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया गया। द्वारा आगामी पर्व पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था दृष्टिगत सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर धर्मेन्द्र सिंह राठौर व थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत समस्त चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# धर्म नगरी काशी में भव्यता के साथ सकुशल सम्पन्न हुआ फागुणोत्सव (पंचम) एवं श्री श्याम पालकी शोभायात्रा (चतुर्थ)

(संतोष कुमार सिंह )



**वाराणसी** :- काशी नगरी में श्री श्याम दरबारी मंडल (काशी परिवार) द्वारा भक्ति,उल्लास और श्रद्धा के वातावरण के बीच फागुणोत्सव (पंचम) संग श्री श्याम पालकी शोभायात्रा का भव्य आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ यह पावन आयोजन रथयात्रा महमूरगंज रोड स्थित श्री शिवाय नमोस्तुभ्यम होटल के श्याम दरबार बैंक्वेट हॉल,प्रथम तल प? आयोजित किया गया रुद्राभिषेक कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः दस बजे देवाधीदेव महादेव के विधिवत रुद्राभिषेक से हुई जिसमें मंडल परिवार के पदाधिकारीगणों ने महादेव का आह्वान किया व उत्सव के सफलता हेतु प्रार्थना निवेदित कियो रुद्राभिषेक में मंडल के कर्मठ कार्यकताओं ने सहभागिता कर महादेव का अभिषेक कर पुण्य लाभ प्राप्त किया भजनों का प्रवाह बाबा श्याम के हृदयप्रिय दरबार व हृदय प्रिय दरबार में बाबा श्याम का मनोहारी श्रृंगार देख मानो समस्त भक्तगण मन्त्र मुग्ध हो उठे बाबा के मनमोहक एवं अद्भुत श्रृंगार में स्नेहा अग्रवाल पत्नी श्याम मोहन अग्रवाल की विशेष भूमिका रही बाबा श्याम की ज्योति प्रज्वलन के साथ ही जयकारों की तीव्र ध्वनि ने वातावरण को श्याममय बनाते हुए संकीर्तन को आगे बढ़ाया फागुणोंत्सव के पावन अवसर पर चित्तौड़गढ़,राजस्थान से आमंत्रित सुप्रसिद्ध भजन गायक अभिषेक माहेश्वरी ने अपने मधुर एवं भावपूर्ण भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दियो सभी भक्त झूमते गाते नाचते बाबा को रिझाते का माहौल अविस्मरणीय रहा भक्तिरस से सराबोर भजनों ने पूरे वातावरण को श्याममय कर दिया व पूरा प्रांगण ह्लश्याम बाबा के जयकारोंह्व से गूंज उठा भंडारा दोपहर बाद बाबा श्याम की आरती कर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों भक्तों ने बाबा श्याम का प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को कृतार्थ किया पालकी शोभायात्रा समस्त प्रक्रियाओं की पूर्ति के पश्चात जिस क्षण का इंतजार समस्त भक्तों को थावह घड़ी आई बाबा श्याम अपने दरबार से प्रस्थान कर पालकी की ओर अग्रसर हुए व बाबा की शाही सवारी पालकी की सवारी सज्ज हुई व बाबा यात्रा के लिए प्रस्थान करने को तैयार हुऐ सायं पांच बजे बाबा श्याम की भव्य पालकी शोभायात्रा निकलीं शोभायात्रा की अगुवाई कर रहे डमरू दल ने समस्त क्षेत्र को बाबा के आगमन की सुचना दी,डीजे की धुन ने भक्तों के कदमों में थिरकन प्रदान की सभी भक्त हाथों में निशान लिये काशी को श्याममय बनाते हुए श्याम मंदिर लक्सा पहुँचे शोभायात्रा में सुसज्जित पालकी,निशान, पुष्पवर्षा और भक्ति संगीत के साथ भक्तों का उत्साह देखते ही बनता थो श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर श्याम बाबा की भक्ति में लीन नजर आऐ कार्यक्रम के दौरान निशान लेने वाले श्रद्धालुओं को निशान के साथ मिलने वाला भेंट भी प्रदान किया गया जिसे भक्तों ने श्रद्धा भाव से ग्रहण किया श्याम मंदिर में बाबा की शोभायात्रा को विराम दिया गया श्री श्याम दरबारी मंडल द्वारा आयोजित फागुणोत्सव व श्री श्याम पालकी शोभायात्रा आयोजन में अनुशासन, सेवा और व्यवस्थाओं की विशेष सराहना की गई श्री श्याम दरबारी मंडल (काशी परिवार) के सेवादारों ने सभी श्रद्धालुओं, कलाकारों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भक्ति,एकता और संस्कारों को मजबूत करते हैं फागुणोत्सव एवं श्याम पालकी शोभायात्रा ने काशीवासियों को एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया आयोजक समिति श्री श्याम दरबारी मंडल अध्यक्ष अतुल अग्रवाल श्याम के दास,उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल,महामंत्री सौरभ अग्रवाल, प्रभार अभिषेक अग्रवाल,सहायक प्रभारी व कार्यकारिणी प्रमुख श्याम मोहन अग्रवाल,कार्यक्रम संयोजक शैलेश कुमार गुप्ता,इंद्रजीत गुप्ता,प्रशांत गणेरीवाला, रोहित केशरी शामिल रहे

# शांति मुकूल ने 26वीं बार रक्तदान कर पेश किया मानवता का मिसाल

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी /मुज्जफरपुर**:- एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, सिटी ब्लड सेंटर भवानी हास्पिटल एवं वैशाली ब्लड लाइन परिवार तत्वधान में ब्लड कैंप में श्री शांति मुकूल के द्वारा 26वीं बार रक्तदान कर किया मिशाल कायम साथ ही विभिन्न ब्लड सेंटर एवं ब्लड बैंक में रक्त देकर सहायता प्रदान कर रहे हैं विभिन्न ब्लड संस्थाओं द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में रक्तदान करते हैं जैसा कि शांति मुकूल ने बताया कि वह हमेशा जब भी किसी भी जरूरत मंद का रक्त मुहैया करवाने हेतु मुझे खबर मिलती है मैं तुरंत रक्तदान करने के लिए तैयार हो जाते साथ ही युवा पीढ़ी को हमेशा रक्तदान के लिए प्रेरित करते रहते हैं बताते चलें कि खुद एक पैर से दिव्यांग है और दिव्यांग जनों की सेवा में समर्पित रहते हैं समाज सेवा के क्षेत्र में जरूरत पड़ने पर स्वयं रक्तदान करते हैं एवं अभी तक बहुत सारे लोगों को रक्त मुहैया करवा कर जान बचाने का कार्य किया है शांति मुकूल रक्तदान के अलावा, समाज सेवा,दिव्यांग सशक्तिकरण जैसे विभिन्न कार्यक्रमो में सक्रिय रूप से भूमिका पिछले लगभग 12 वर्षों से निभाते आ रहे हैं शांति मुकूल ने दिव्यांगता क्षेत्र एवं समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्य में सक्रिय भूमिका रहने के कारण राष्ट्रीय स्तर, विभिन्न संस्थाओं दुसरे राज्यों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है

# केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान सारनाथ की फाइनेंस कमेटी की सदस्य डॉ.स्मिता एस चौधरी ने तिब्बती विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी** :- पूर्व डिप्टी कंट्रोलर एंड आडिटर जनरल (उअऋ) तथा वर्तमान में संस्कृति मंत्रालय में केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान सारनाथ वाराणसी की फाइनेंस कमेटी की सदस्य डॉ.स्मिता एस चौधरी ने तिब्बती विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया साथ ही यहां की परम्पराओं को समझा विदित हो कि डॉ चौधरी 1990 बैच की आइएएएस हैं संस्थान की कुल सचिव डॉ सुनीता चंद्रा ने खतक और स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिवादन किया डॉ स्मिता एस चौधरी ने फाइनेंस बोर्ड द्वारा संस्थान में इंटरनल आडिट सेल के गठन,सृजन एवं क्रियान्वयन पर विशेष चर्चा की उन्होंने कहा कि भारत सरकार प्राचीन भारतीय संस्कृति और परम्पराओं को सहेजने पर बहुत सक्रिय है वर्तमान में तिब्बती संस्थान,हमारी प्राचीन नालंदा परम्परा और संस्कृति को सहेजने का काम कर रहा है यहां के कण-कण में तिब्बती परम्परा और भारतीय संस्कृति की मिली जुली संस्कृति का संगम है टइस अवसर पर उपकुलसचिव डॉ हिमांशु पाण्डेय,सहायक कुल सचिव डॉ सुमिल तिवारी,प्रमोद सिंह,सुनिल कुमार आदि उपस्थित रहे

# एएसजी आइ हॉस्पिटल प्रकरण में बड़ा प्रशासनिक हस्तक्षेप आफरीन बानो का बयान विवेचना में शामिल करने का आदेश,पुलिस जांच की दिशा बदली

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी**:- चर्चित और संवेदनशील एएसजी आइ हॉस्पिटल प्रकरण में पुलिस विवेचना को लेकर उठ रहे सवालों के बीच अब एक निर्णायक मोड़ सामने आया है वादिनी आफरीन बानो द्वारा विवेचना में लापरवाही का आरोप लगाते हुए दिए गए प्रार्थना पत्र पर पुलिस के उच्च अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विवेचक को स्पष्ट आदेश जारी किया है कि वादिनी का विस्तृत बयान और संलग्न अभिलेख विवेचना का अनिवार्य हिस्सा बनाए जाएं सूत्रों के अनुसार आफरीन बानो ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से यह गंभीर आपत्ति दर्ज कराई थी कि अब तक की विवेचना में उनके द्वारा प्रस्तुत महत्वपूर्ण तथ्यों,चिकित्सकीय पहलुओं और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों को नजर अंदाज किया जा रहा है जिससे जांच की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं प्रार्थना पत्र की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों ने निर्देश दिया कि बयान,तथ्यों एवं दस्तावेजों को केस डायरी में विधिवत सम्मिलित किया जाए ताकि जांच किसी भी प्रकार के संदेह से परे रह सके इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम के दौरान वादिनी के साथ अधिवक्ताओं का एक प्रभावशाली प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहा जिसमें शशांक शेखर त्रिपाठी,आशुतोष शुक्ला, राजेश त्रिवेदी,आशुतोष सक्सेना,दीपक वर्मा, सुजीत कुमार सिंह रामकृष्ण बघेल, पवन केसरी,सुजीत कुमार पटेल तथा भीष्म सिंह पटेल शामिल रहे अधिवक्ताओं ने एकमत होकर कहा कि यदि वादिनी के बयान और साक्ष्यों को समय रहते विवेचना में शामिल नहीं किया जाता तो यह न्यायिक प्रक्रिया को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता था उनका कहना था कि यह मामला केवल एक आपराधिक प्रकरण नहीं बल्कि पुलिस विवेचना की पारदर्शिता और जवाबदेही की भी परीक्षा है पुलिस के इस आदेश को लेकर कानूनी हलकों में चर्चा तेज हो गई है जानकारों का मानना है कि यह निर्देश न केवल विवेचना की दिशा बदल सकता है बल्कि आगे चलकर पूरे मामले की कानूनी तस्वीर को भी प्रभावित करेगा पहले से ही जनचर्चा में बने इस प्रकरण में अब प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद निष्पक्ष जांच को लेकर नई उम्मीद जगी है वहीं विवेचना पर अब कड़ी निगरानी तय मानी जा रही है

# शिवरात्री व होली में शांति भंग करने वालों को कड़ी चेतावनी



असदुल्लाह सिद्दीकी

**खेसरहा/सिद्धार्थनगर**। शिवरात्रि , होली व रमजान पर्व में कोई खलल न पड़ने पाए इसके लिए पुलिस ने कवायद तेज कर दी है।

थाने पर शांति समिति की बैठक आयोजित कर शांतिपूर्वक त्योहार मनाए जाने की अपील और शांति भंग करने वालों को कड़ी चेतावनी व डीजे सिस्टम पर आपत्ति जनक गीत न बजाने की हिदायत दी गई।

मंगलवार को खेसरहा थाना परिसर में थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटी की बैठक में थाना क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों से शांति सुरक्षा के मसले पर पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। इस दौरान थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र ने पर्व को आपसी प्रेम व भाई चारे के साथ मनाने की सीख दी।

# सिद्धार्थनगर कत्रूफर शिकायत निस्तारण में प्रदेश में छठा स्थान किया प्राप्त

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर**। जिले ने आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) शिकायत निस्तारण में प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. के सक्रिय नेतृत्व और प्रशासनिक कार्यकुशलता का परिणाम मानी जा रही है।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रेरित किया। उनकी निगरानी और जनता के प्रति जवाबदेही की भावना ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिलाधिकारी ने बताया कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान ही प्रशासन की मुख्य जिम्मेदारी है, जिसके लिए जिले के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने समर्पित होकर कार्य किया। जिले की बांसी, डुमरियागंज, इटवा और शोहरतगढ़ तहसीलों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन तहसीलों ने 100 प्रतिशत शिकायतें निस्तारित कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह दशार्ता है कि सिद्धार्थनगर प्रशासन जनता के मुद्दों के समय पर समाधान को प्राथमिकता देता है। इस उपलब्धि ने जिले की प्रशासनिक कार्यकुशलता को प्रदेश भर में पहचान दिलाई है। जिले के नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना की है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही की भावना मजबूत हुई है।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा ने कहा कि यह केवल एक शुरूआती सफलता है। भविष्य में शिकायत निस्तारण को और अधिक त्वरित तथा प्रभावी बनाने के लिए नई रणनीतियाँ अपनाई जाएंगी।

# डॉ. प्रेम नारायण श्रीवास्तव स्मृति सम्मान - 2026 से अलंकृत हुए प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुवेर्दी

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन**।अठखंबा क्षेत्र (निकट श्री मोटे गणेश मन्दिर) स्थित भक्तमाल कुटी में श्रीभक्तमाल परिषद् व ₹निंबार्क भूषण₹ डॉ. (प्रो.) प्रेम नारायण श्रीवास्तव स्मृति समिति के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुए श्रीभक्तमाल जयंती महोत्सव तथा ₹निंबार्क भूषण₹ निकुंजवासी डॉ. (प्रो.) प्रेम नारायण श्रीवास्तव (हिन्दी विभागाध्यक्ष, प्राच्य दर्शन महाविद्यालय, वृन्दावन) के पुण्य स्मृति महोत्सव में नगर के प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुवेर्दी को उनकी उत्कृष्ट लेखनी के द्वारा हिन्दी व अंग्रेजी साहित्य के क्षेत्र में दिए गए अविस्मरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।साथ ही उन्हें ₹डॉ. प्रेम नारायण श्रीवास्तव स्मृति सम्मान - 2026₹ से अलंकृत किया गया।उन्हें यह सम्मान समिति के अध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव व मथुरा-वृन्दावन नगर निगम के उप-सभापति मुकेश सारस्वत ने प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र व ठाकुरजी का पटुका-प्रसादी-माला आदि भेंट करके दिया।

इस अवसर पर श्रीनाभापीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज, शरणागति आश्रम के महंत बिहारी दास भक्तमाली, निंबार्क संप्रदाय के प्रख्यात सन्त जयकिशोर शरण महाराज, आचार्य बद्रीश महाराज, निंबार्क संप्रदाय के समाज मुखिया संत प्रेम दास महाराज, रासाचार्य स्वामी कुंजबिहारी शर्मा (भैयाजी), पूर्व प्राचार्य डॉ. प्रताप पाल शर्मा, कार्यक्रम के संयोजक शुभम श्रीवास्तव, परम-हितधर्मी डॉ. चन्द्र प्रकाश शर्मा, प्रमुख शिक्षाविद् अभय वशिष्ठ, प्राचार्य ब्रज किशोर त्रिपाठी, भागवताचार्य रामनिवास शास्त्री, डॉ. राधाकांत शर्मा, महंत मधुमंगल शरण शुक्ल, डॉ. श्याम बिहारी खंडेलवाल, डॉ. जयेश खंडेलवाल (हित जस अलि) एवं आचार्य राजेश पाण्डेय आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# होम डिलीवरी के नाम पर गैस कनेक्शन उपभोक्ताओं से अवैध वसूली का आरोप मंडल अध्यक्ष ने एसडीएम से की शिकायत।

**बुलंदशहर** भाजपा के शिकारपुर मंडल अध्यक्ष ने होम डिलीवरी के नाम पर 20 रुपए अवैध वसूली करने की एसडीएम शिकारपुर से की शिकायत भाजपा मंडल अध्यक्ष ने फूल इंडेन गैस सर्विस के द्वारा होम डिलीवरी के नाम पर लोगों से लिए जाते हैं 20 रुपए प्रति सिलेंडर रेट से ओवर जबकि गैस की पर्ची में ही होम डिलीवरी के पैसे जुड़े होते हैं उसके बाद भी गैस एजेंसी मालिक होम डिलीवरी के नाम पर करवा रहे हैं अवैध उघाई भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास गर्ग बोले जनता का शोषण बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा भाजपा मंडल अध्यक्ष ने गैस एजेंसी के द्वारा होम डिलीवरी के नाम पर अवैध वसूली करने को लेकर जताया भारी विरोध भाजपा मंडल अध्यक्ष की शिकायत के बाद एसडीएम शिकारपुर ने कार्रवाई करने का दिया आश्वासन।

# कार्यकर्ता बूथ करो मजबूत अभिमान में लग जाये-सुधीर कुमार भारती

असदुल्लाह सिद्दीकी



**बांसी/सिद्धार्थनगर**। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बहन कु मायावती के दिशा निर्देश पर बहुजन समाज पार्टी जनपद सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता समिक्षा बैठक मंगलवार को रानी लक्ष्मी बाई विवाह वाटिका मैरेज हॉल बांसी में आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि बस्ती मंडल प्रभारी सुधीर कुमार भारती ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में बसपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता संगठित होकर बूथ करो मजबूत अभिमान में लग जाये क्योंकि आने वाले दिनों में बसपा की सरकार बनने जा रही है , दलित समाज के साथ-साथ सर्वसमाज खासकर मुस्लिम समुदाय व ब्राम्हण समाज आसा भरी निगाहों से देख रहा है एस आई आर के अनुसार बूथों पर जाकर बूथ कमेटी को पुनः रिनिवल करने में लग जाये साथ ही साथ नये मतदाता को फार्म 6 भरने के लिए जागरूक करना होगा। बैठक को विष्टि अतिथि ,के के गौतम , कल्पनाथ बाबू , मुख्य मंडल प्रभारी बस्ती रामसूरत चौधरी ने भी सम्बोधित किया। बैठक का संचालन मंडल जोन इंचार्ज राजकुमार आर्य ने और अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम द्वारा किया गया।बैठक में मुख्य रूप से इन्द्र जीत गौतम, मंडल जोन इंचार्ज दिनेश चौधरी, रमेश चमार, प्रेम मिलन शुक्ला, संजय शर्मा , जहूर खां, रामधनी गौतम, शुभकरन चौधरी , मुनीराम राजभर, हीरालाल कुरिल, आनही प्रसाद, घनश्याम गौतम, रमेश आजाद, सतेन्द्र कुमार गौतम ,दिलीप कुमार, विजयपाल कन्नौजिया, मंटू गौतम ,रामपाल गौतम, राजेश कुमार, अशोक कुमार, राधेश्याम गौतम, हरी लाल आर्या, राजकुमार चौधरी ,राकेश कुमार गौतम, महेंद्र कुमार वरूण, विनोद कुमार राव, खुर्शीद आलम ,वीरू पासवान, शमीम अहमद, पूर्व जिला महासचिव अब्दुल सलाम, अब्दुल अलीम, अंगद राज गौतम, पिंगल प्रसाद ,राम अचल गौतम , रामनिवास सहित जनपद सिद्धार्थनगर के समस्त कार्यकर्ता व पदाधिकारी सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे।

# हत्या के आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित

असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर**। जनपद में एक युवक की हत्या के मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मुख्य आरोपी हरिओम यादव की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। यह घोषणा खेसरहा थाना क्षेत्र के बनुहिया बुजुर्ग गांव में हुई 35 वर्षीय मनोज कुमार की निर्मम हत्या के बाद की गई है। जानकारी के अनुसार मनोज कुमार की हत्या बीतेव7 फरवरी की सुबह हुई थी। वह रोजाना की तरह दूध देने घर से निकला था। तभी गांव के दक्षिण बाग के पास घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने मनोज के सिर पर धारदार कुल्हाड़ी और शरीर पर लोहे की रॉड से कई वार किए।खून से लथपथ मनोज को राहगीरों ने देखा और परिजनों को सूचना दी। उन्हें तुरंत सीएचसी खेसरहा ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान मनोज कुमार की मौत हो गई। एडिशनल एसपी प्रशांत कुमार ने 8 फरवरी को इस हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि यह घटना पुरानी रंजिश का परिणाम था। करीब 20-22 दिन पहले मनोज के ई-रिक्शा और आरोपी अनिल यादव की मोटरसाइकिल के बीच मामूली टक्कर हुई थी, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी।

# राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में जूनियर एवं सीनियर महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता के सातवें दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता की भव्य शुरूआत की। इस अवसर पर 69 किग्रा वर्ग की यूथ, जूनियर एवं सीनियर महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता के दौरान भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्वनी कुमार भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के महासचिव प्रमोद कुमार तथा एलिको डिस्ट्रीब्यूटर राकेश वालिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों को पदक पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का



सफल संचालन द्रोणाचार्य अवॉर्डी विजय शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं देखरेख में किया जा रहा है।द्रोणाचार्य अवॉर्डी श्री विजय शर्मा जी की कुशल देखरेख एवं मार्गदर्शन में यह राष्ट्रीय चैंपियनशिप अत्यंत अनुशासन, उत्कृष्ट व्यवस्था एवं उच्च स्तर के आयोजन के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो रही है, जिसमें खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।प्रतियोगिता की आकर्षण का केंद्र पंजाब की हरजिंदर कौर रहीं, जिन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। वहीं 69 किग्रा सीनियर वर्ग में 100 किग्रा स्नैच उठाकर नया रिकॉर्ड अपने नाम किया। जूनियर वर्ग में हरियाणा की तमन्ना ने 96 किग्रा स्नैच का भार उठाकर रिकॉर्ड स्थापित किया। द्रोणाचार्य अवॉर्डी श्री विजय शर्मा जी की कुशल देखरेख एवं मार्गदर्शन में यह राष्ट्रीय चैंपियनशिप अत्यंत अनुशासन, उत्कृष्ट व्यवस्था एवं उच्च स्तर के आयोजन के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो रही है, जिसमें खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।खिलाड़ियों के जोश, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह दिन प्रतियोगिता के इतिहास में यादगार बन गया। आयोजकों एवं खेल प्रेमियों ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों हेतु आयोजित किया गया विदाई समारोह

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह आशीर्वाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत हवन पूजन से हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पावन अग्नि की साक्षी में विद्यार्थियों ने सफलता, आत्मविश्वास एवं श्रेष्ठ परिणाम हेतु आहुति अर्पित की। इस विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों व स्कूल प्रधानाचार्य के लिए अपने विचारों को सांझा किया । साथ ही इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ सरिता सिंधु ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा, विद्यालय सदैव आपके साथ है। परिश्रम, धैर्य और समर्पण आपके सबसे बड़े साथी हैं। अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।इस अवसर पर



विद्यालय के प्रबंधक तुषार गुप्ता एवं डॉ शिखा दरबारी ने अपने प्रेरणादायी संदेश में कहा कि सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि संस्कारों, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से प्राप्त होती है। हमें विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे। यह समारोह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आपके जीवन की नई यात्रा का शुभारंभ है। आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें, सफलता अवश्य आपके कदम चूमेगी। कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा, उत्साह और भावनाओं से परिपूर्ण रहा। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर प्रगति और सफलता के लिए शुभाशीष प्रदान किया।

# श्री खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव 12 फरवरी और 13 फरवरी को



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। श्री खाटू श्याम मित्र मंडल ट्रस्ट द्वारा आयोजित दो दिवसीय श्री खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव 12 फरवरी और 13 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है जिसमें 12 फरवरी शाम 7:15 खाटू श्याम विशाल संकीर्तन जिसमें बाबा को अपने भजनों से रिझाने नंदकिशोर शर्मा अहमदाबाद वाले मनोज शर्मा ग्वालियर, एवं 13 फरवरी दोपहर 3:15 निशान यात्रा शिव चौक गोविंदपुरी से शुरू होकर मुख्य मार्ग जी टी रोड होते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर सी लाइन महेंद्र पूरी पर विश्राम लेगी एवं श्याम 7:15 बजे से मासिक एकादशी कीर्तन रहेगा जिसमें भजनों की सेवा साहिल शर्मा पानीपत, निशा शर्मा, ईशा शर्मा, सिद्धांत राज, पूजा अरोरा, मंच संचालक सीताराम शर्मा करेंगे पावन सानिध्य ज्ञानानंद स्वामी, अशोक लखेरा जी खाटू श्याम बाबा को कोलकाता और बेंगलुरु के फूलों से सजाया जाएगा अखंड ज्योत पुष्प वर्षा 1100 किलो 56 भोग विशाल अटूट भंडारा का आयोजन रहेगा मंडल के सभी पदाधिकारी रमेश गोयल, डॉ पंकज गोयल, कपिल गुप्ता, राकेश अग्रवाल, प्रमोद गर्ग, शुभंकर गुप्ता,जितेंद्र गर्ग पागल (बाबा का),सतीश भडाना, अमित गोयल,संजय अग्रवाल, गिरीश बंसल, विजय सिंह, प्रवीण शर्मा, मनोज सिंघल, मनोज अग्रवाल, सर्वेश मित्तल, राजीव जिंदल, अजय बंसल,देवेंद्र सोनी, दीपक गोयल, आनंद श्रीवास्तव, बालकिशन गुप्ता, अरुण खन्ना, राजीव रूहेला आदि लोग मौजूद रहे।

# छाया स्कूल में आशीर्वाद समारोह आयोजित, प्रियांश मिस्टर छाया व अविका बनी मिस छाया

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा के बच्चों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रियांशु शर्मा को मिस्टर छाया व अविका को मिस छाया के खिताब से नवाजा गया कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम में हवन करके बच्चों के बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए पूजा अर्चना की गई बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जोरदार प्रस्तुति दी बच्चों ने बाल्यावस्था से 12वीं कक्षा तक के अपने प्यारे प्यारे अनुभव साझा किये व अपने शिक्षकों द्वारा दी गई शिक्षा व दीक्षा की की जमकर सराहना की विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी ने कहा की



स्कूल व बच्चों का रिश्ता अटूट होता है और स्कूल द्वारा बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जाती है जिस पर वह अपनी बुलंद इमारत खड़ा करते हैं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा की छाया स्कूल एक ऐसा स्कूल है जो बच्चों का सर्वांगीण विकास कर राष्ट्रीय सोच की भावना के साथ देश सेवा के लिए उनको तैयार करता है और उसी का जीता जागता परिणाम ऑपरेशन सिंदूर को लीड करने वाला आदित्य विंग कमांडर अभिषेक तोमर जूनियर एशियाड चैंपियन दीपांशु शर्मा केबीसी जूनियर विजेता अन्वेशा ऐसे सैकड़ो बच्चे देश सेवा कर छाया स्कूल का मान बढ़ा रहे हैं इन्हीं उपलब्धियां को देखते हुए महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा स्कूल को सम्मानित करना स्कूल ही नहीं पूरे मोदीनगर वासियो के लिए एक बड़ी उपलब्धि व गर्व का विषय है इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षक शिक्षाएं मौजूद रहे।

# गऊ सेवक साथियों का बीकानेर पर भव्य स्वागत किया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,** (अनिल वशिष्ठ)। गऊ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर हरिद्वार से 151 लीटर जल लेकर आने वाले गऊ सेवक, शिव भक्त विराट भोला का मोदीनगर में भव्य स्वागत किया गया। हरिद्वार से जल लेकर मोदीनगर पहुंचे गऊ सेवक, विराट भोला व उसके साथियों का मुख्य मार्ग पर बीकानेर पर राष्ट्रीय परशुराम परिषद के नगर उपाध्यक्ष मुकुल शर्मा बेगमबाद के नेतृत्व कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया गया। फूल मालाओं से उनका स्वागत करते हुए उन्हें भगवान परशुराम जी की चित्र भेट किया। स्वागत करने वालों में राष्ट्रीय परशुराम परिषद के नगर उपाध्यक्ष मुकुल शर्मा, दीपक शर्मा, सम्भव शर्मा, निखिल वत्स, नीरज, तुषार नेहरा, तरुण शर्मा, शिव शर्मा, प्रशांत शर्मा, आदि मौजूद रहे।

# नींव द स्कूल में विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ) ।नींव द स्कूल में किंडरगार्टन कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस कार्यक्रम का अत्यंत हर्षोल्लास एवं रंगारंग आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति क्षमता को प्रोत्साहित करना रहा।इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक राम किशोर अग्रवाल, प्रबंधक अमित अग्रवाल, डायरेक्टर जनरल अपर्णा शर्मा, वाइस प्रिंसिपल रोमी शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।कार्यक्रम के दौरान किंडरगार्टन के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने विभिन्न पारंपरिक वेशभूषाओं, स्वतंत्रता



सेनानियों, पशु-पक्षियों एवं सामाजिक पात्रों के रूप में मंच पर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों की मासूम अदाओं, आत्मविश्वास और रंग-बिरंगे परिधानों ने सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रबंधक अमित अग्रवाल ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनमें आत्मविश्वास एवं मंच पर प्रस्तुति देने की क्षमता विकसित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। नींव द स्कूल सदैव नन्हे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है।

# नवीन अनाज मंडी के बाहर परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई, ओवरलोड ट्रक पकड़ा

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत परिवहन विभाग ने मंगलवार को जहांगीराबाद में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जहांगीराबाद स्थित नवीन अनाज मंडी के मुख्य गेट के पास चेकिंग के दौरान विभाग की टीम ने एक ओवरलोड ट्रक को रंगे हाथों पकड़ा। ?परिवहन विभाग को पिछले कुछ समय से शिकायतें मिल रही थीं कि माल लेकर आने जाने वाले ट्रक क्षमता से अधिक भार भरकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को अनाज मंडी कुछ दूरी पर घेराबंदी की। एक ट्रक पर शक होने पर अधिकारियों ने जब ट्रक को रोककर उसके कागजात और भार की जांच की, तो वह तय सीमा से कहीं अधिक पाया गया। विभाग ने ट्रक को कब्जे में लेकर ट्रक को अनाज मंडी में खड़ा करवा दिया है। ?परिवहन



विभाग की इस अचानक हुई कार्रवाई से मंडी परिसर और आसपास के ट्रांसपोर्टरों में हड़कंप मच गया। कई ट्रक चालक अपनी गाड़ियों को मंडी के अंदर ही छोड़कर किनारे हो गए। स्थानीय लोगों ने विभाग की इस कार्रवाई की सराहना की है, क्योंकि ओवरलोड ट्रकों के कारण शहर में अक्सर जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। परिवहन अधिकारी ने ओवरलोडिंग में ट्रक का चालान करते हुए बताया कि ओवरलोडिंग न केवल सड़क सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि इससे सरकारी सड़कों को भी भारी नुकसान पहुँचता है। उन्होंने मंडी व्यापारियों को चेतावनी दी कि भविष्य में भी इस प्रकार की गलती ना करें। भविष्य में भी इस तरह के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे और आगे से नियम तोड़ने वाले वाहन स्वामियों को बिल्कुल भी बख्शा नहीं जायेगा और व्यापारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पेट में कीड़ों से कुपोषण, बच्चों को खिलवाएं एल्बेंडाजोल सीडीओ निशा ग्रेवाल ने डीपीएस में बच्चे को गोली खिलाकर कार्यक्रम का किया



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** भूख कम लग रही है। बार-बार उल्टी-दस्त होते हैं। पेट में दर्द रहता है तो इस परेशानी की वजह कीड़े हो सकते हैं। इससे बच्चे कुपोषित होते हैं और शारीरिक मानसिक विकास प्रभावित होता है। इसके बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को पेट से कीड़े निकालने की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीओ निशा ग्रेवाल ने दिल्ली पब्लिक स्कूल में बच्चों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाकर किया। सीएमओ डा. सुनील कुमार दोहरे ने बताया कि जिले में एक से 19 साल तक के 16 लाख 54 हजार 228 बच्चों और किशोरों को एल्बेंडाजोल खिलाई गई।

स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में कैंप लगाकर बच्चों को दवा खिलाई गई। इसके लिए टीम बना दी है। पेट में कीड़े की परेशानी से बच्चे कुपोषित हो जाते हैं। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा.. प्रवीण कुमार ने बताया कि एल्बेंडाजोल दवा खिलाने से बच्चों के पेट के कीड़े नष्ट हो जाते हैं। टीम की निगरानी में ही दवा खिलाने के निर्देश दिए गए हैं। दवा चबाकर खिलाई जाती है, जो बच्चे नहीं चबा सकते उन्हें ये पीसकर खिलाई गई। पेट में कीड़े होने पर खून की कमी और रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। इससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास नहीं हो पाता है। इस मौके पर डीपीएस प्रधानाचार्य डीएस यादव, डा. गौरव सक्सेना समेत कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# आईजी आरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में मेरठ रेंज ने प्राप्त किया प्रथम स्थान।

**वेलकम इंडिया**


**बुलंदशहर** मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली (कॠफर) में माह जनवरी 2026 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर *पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी द्वारा बताया गया कि आईजीआरएस, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर माह जनवरी में जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए उनका शासन की मंशानुरूप समयबद्ध विधिक निस्तारण कराया गया,जिससे आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली *माह जनवरी-2026 मूल्यांकन रिपोर्ट* के अनुसार





उत्तर प्रदेश के परिक्षेत्रों व जनपदों की जारी की गई रैकिंग में *मेरठ परिक्षेत्र व रेंज के जनपद मेरठ, बुलन्दशहर, बागपत व हापुड़ ने प्रथम स्थान* प्राप्त किया गया है।गत माह रेंज के सभी जनपदों की आईजीआरएस की समीक्षा कर जनपद प्रभारियों को प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण/समयबद्ध विधिक निस्तारण कराने हेतु उचित दिशा निर्देश दिए गए थे जिस पर चारो जनपदो द्वारा प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक हासिल की गयी है, जो कि बधाई के पात्र है।परिक्षेत्र के सभी जनपद प्रभारियों को आई.जी.आर.एस. प्रणाली से प्राप्त शिकायतों का उच्चकोटि की गुणवत्ता एवं समयबद्ध निस्तारण करने व जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर शासन की मंशानुरूप पूर्ण मनोयोग से समस्याओं के विधिक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया एवं निम्नांकित दिशा निर्देश दिये गये हैं -पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की जांच हेतु सम्बन्धित अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर गुणवत्ता के आधार पर जांच करे, फोन द्वारा अथवा थाने पर ही बैठकर जांच रिपोर्ट प्रेषित न करे आईजीआरएस प्रा0पत्र की जांच आख्या अपलोड करने से पूर्व थाना प्रभारी स्वयं भी फीडबैक लेकर आख्या अपलोड कराये।

# गिन्नी देवी मोदी महाविद्यालय में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। गिन्नी देवी मोदी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पिडीलाइट केंद्र के संयोजन से तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पिडीलाइट के विशेषज्ञ शुची टंडन द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट, ब्लॉक प्रिंटिंग, डेकोरेशन तथा क्रिएटिव तकनीक द्वारा छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया। छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता करते हुए अपने रचनात्मक विचारों को मूर्त रूप प्रदान किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा जी ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉक्टर चेतना ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मक तथा व्यवहारिक कौशल का विकास करना है।

# नगर आयुक्त ने शहर के पार्कों का किया निरीक्षण, परखी जनसुविधाए

**वेलकम इंडिया**




**गाजियाबाद।** शहर के पार्कों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और हरियाली से भरपूर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मंगलवार को कवि नगर और सिटी जोन क्षेत्र के विभिन्न पार्कों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्कों में आमजन के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान पार्कों में बेंचों की स्थिति, प्रकाश व्यवस्था, पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए सबमर्सिबल पंपों की उपलब्धता, माली की तैनाती, पौधों की नियमित कटिंग, खुले व्यायामशालाओं की स्थिति, शौचालयों की साफ-सफाई, प्रवेश द्वारों की व्यवस्था तथा घास और हरियाली की स्थिति का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पार्क केवल सौंदर्य का प्रतीक नहीं, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन का अहम हिस्सा हैं, इसलिए इनकी उपेक्षा किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्य रूप से नगर आयुक्त ने कवि नगर जोन के डी-ब्लॉक स्थित कला धाम पार्क, वृद्धा पार्क और संत कबीर पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्कों में लगे ओपन जिम उपकरणों की स्थिति को भी परखा गया। नगर आयुक्त ने उपकरणों की नियमित मरम्मत और सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि सुबह-शाम व्यायाम करने आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के समय वरिष्ठ प्रभारी उद्यान एन.के. चौधरी और प्रभारी उद्यान अधिकारी डॉ. अनुज कुमार सिंह भी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पार्कों में ग्रीनरी किसी भी कीमत पर कम नहीं होनी चाहिए। जहां-जहां घास खराब हो रही है, वहां समय रहते पुनः घास लगाए जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही पार्कों में बने कमरों और अन्य संरचनाओं को भी व्यवस्थित रखने को कहा गया। नगर आयुक्त ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर के लगभग सभी वार्डों में ओपन जिम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसका लाभ बड़ी संख्या में शहरवासी उठा रहे हैं। पार्कों में बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों-सभी के लिए सुविधाएं विकसित की गई हैं, जिससे लोग स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि पार्कों की बेहतर देखरेख के लिए उद्यान विभाग के सुपरवाइजरों की मॉनिटरिंग व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने यह भी संकेत दिए कि आने वाले समय में गाजियाबाद नगर निगम पार्कों को और अधिक आधुनिक, सुविधाजनक और हरियाली से भरपूर बनाने के लिए नई योजनाओं पर काम कर रहा है। पार्कों में सौंदर्यीकरण के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन को भी प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि शहर को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके। नगर आयुक्त ने शहरवासियों से भी अपील की कि वे अपने घरों के आसपास स्थित पार्कों को स्वच्छ रखने में नगर निगम का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि नगर निगम उद्यान विभाग जहां शहर हित में पार्कों में घास लगाने, पौधारोपण करने और पार्कों को पूर्ण रूप से सुसज्जित करने का कार्य कर रहा है, वहीं नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे पार्कों में गंदगी न फैलाएं और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करें। उन्होंने यह भी कहा कि पार्कों की स्वच्छता और सुंदरता तभी बनी रह सकती है, जब नागरिक और नगर निगम मिलकर जिम्मेदारी निभाएं। नगर आयुक्त ने लोगों से प्लास्टिक कचरा न फैलाने, बच्चों को पौधों को नुकसान न पहुंचाने और पार्कों में बनी सुविधाओं का सही उपयोग करने की अपील की। कुल मिलाकर नगर आयुक्त का यह औचक निरीक्षण नगर निगम की सक्रिय कार्यशैली और शहर को स्वच्छ, हरित और सुविधाजनक बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अधिकारियों को दिए गए निर्देशों से यह स्पष्ट है कि आने वाले समय में गाजियाबाद के पार्क न केवल बेहतर रूप में नजर आएंगे, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएंगे।

# डिजाइनर लाइटों से संवरेगा शहर का चेहरा

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) अब अपनी विभिन्न आवासीय और व्यावसायिक योजनाओं में आधुनिक सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। प्राधिकरण ने कम बिजली खपत वाली लाइटों को अपनी योजनाओं में शामिल करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। इसका मुख्य उद्देश्य न केवल बिजली की खपत को कम करना है, बल्कि ऊर्जा संरक्षण को भी बढ़ावा देना है। जीडीए की यह पहल केवल बिजली बचाने तक सीमित नहीं रहेगी। प्राधिकरण की योजनाओं में अब डिजाइनर और आकर्षक लाइटें भी लगाई जाएंगी, जिन्हें संबंधित योजना की थीम के अनुसार तैयार किया जाएगा। इससे एक ओर जहां योजनाएं देखने में और अधिक सुंदर और आधुनिक नजर आएंगी, वहीं दूसरी ओर बिजली की खपत भी न्यूनतम रहेगी। इसी क्रम में प्राधिकरण द्वारा नंदग्राम योजना के अंतर्गत 77 आवासीय भूखंडों की योजना विकसित की जा रही है। इस योजना में भी डिजाइनर लाइटों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। योजना के अनुसार लाइटों की एक विशेष थीम तैयार की जाएगी, हालांकि फिलहाल इस थीम को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। इसके अलावा एनडीआरएफ रोड के सौंदर्यीकरण कार्य, बुनकर मार्ट और मधुबन बापूधाम पॉकेट-सी क्षेत्र में भी इसी प्रकार की कम खपत वाली डिजाइनर लाइटें लगाए जाने की योजना है। मधुबन बापूधाम में 'विकसित भारत थीम पर एक पार्क का निर्माण किया जा रहा है, जहां उसी थीम के अनुरूप लाइटिंग को प्राथमिकता दी जाएगी। विभागीय सूत्रों के अनुसार प्राधिकरण के अन्य थीम पार्कों में भी पार्क की अवधारणा के अनुरूप प्रकाश व्यवस्था की जाएगी, ताकि पार्क और लाइटिंग की थीम मिलकर जनता को एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश दे सके।


## 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के नागरिकों हेतु आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद**- जिलाधिकारी महोदय गाजियाबाद से प्राप्त निदेशों के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान चिन्हित सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज प्रदान किया जाता है। आप सबसे अनुरोध है कि 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी लोग इस योजना से जुडने के लिए अपना आयुष्मान कार्ड सभी सरकारी चिकित्सा इकाइयों पर निःशुल्क बनवा सकते हैं। यह कार्ड आप स्वयं भी बना सकते है।

## संसद का पतनकाल: जब सत्ता और विपक्ष दोनों ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया

**एन0के0शर्मा**



विश्व के लोकतांत्रिक मानचित्र पर संसदें सभ्यता की पहचान मानी जाती हैं। वे केवल कानून बनाने की इमारतें नहीं होतीं, बल्कि उस सामाजिक अनुबंध की प्रतीक होती हैं जिसमें जनता अपनी शक्ति प्रतिनिधियों को सौंपती है। किंतु जब वही संसदें अहंकार, अविश्वास और निरर्थक टकराव का अखाड़ा बन जाएँ, तब यह केवल राष्ट्रीय संकट नहीं रहता—यह वैश्विक लोकतंत्र के लिए चेतावनी बन जाता है।

आज भारत की संसद इसी पतनकाल के दौर से गुजरती प्रतीत होती है। यह पतन किसी एक दिन, एक बहस या एक सरकार की देन नहीं है। यह एक दीर्घकालिक क्षरण है—जहाँ सत्ता ने बहुमत को नैतिक ढाल बना लिया है और विपक्ष ने अवरोध को ही अपनी राजनीति का अंतिम औजार मान लिया है। परिणामस्वरूप संसद अब संवाद का केंद्र नहीं, बल्कि शक्ति-संघर्ष का मंच बन चुकी है।

सत्ता पक्ष स्वयं को निर्विवाद मानने की मनःस्थिति में है। उसके लिए चुनावी जीत केवल जनादेश नहीं, बल्कि असीम अधिकार-पत्र बन गई है। जवाबदेही को अवरोध, आलोचना को राष्ट्रविरोध और प्रश्नों को षड्यंत्र के रूप में प्रस्तुत किया जाने लगा है। यह प्रवृत्ति केवल भारत तक सीमित नहीं—दुनिया भर में उभरती ह्लमेजोरिटेरियन डेमोक्रेसीह्व का यही सबसे खतरनाक लक्षण है, जहाँ संख्या लोकतंत्र को निगल जाती है। वहीं विपक्ष—जो लोकतंत्र का संतुलन बनाए रखने के लिए अनिवार्य होता है—खुद अपने दायित्व से विचलित दिखाई देता है। वैचारिक स्पष्टता, दीर्घकालिक रणनीति और वैकल्पिक दृष्टि के अभाव में वह अक्सर हंगामे, बहिष्कार और प्रतीकात्मक विरोध तक सिमट जाता है। इससे सत्ता को जवाबदेही से बच निकलने का अवसर मिलता है और जनता के सामने राजनीति एक निष्फल तमाशे में बदल जाती है। इस द्वंद्व में सबसे बड़ा नुकसान किसी दल का नहीं—सबसे बड़ा नुकसान जनता का है। जब संसद बाधित होती है, तो नीतियाँ नहीं बनतीं, प्रश्न नहीं पूछे जाते और गलतियाँ उजागर नहीं होतीं। यह शून्य केवल शासन में नहीं, नागरिक चेतना में भी पैदा होता है। धीरे-धीरे जनता संसद से अपेक्षा करना छोड़ देती है और यही वह क्षण होता है जब लोकतंत्र भीतर से खोखला होने लगता है। अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में देखें तो यह संकट केवल भारत का नहीं है। अमेरिका से यूरोप, अफ्रीका से एशिया तक—संसदीय संस्थाएँ आज ध्रुवीकरण, अविश्वास और संस्थागत अवमूल्यन का सामना कर रही हैं। परंतु भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में संसद का पतन, वैश्विक लोकतांत्रिक नैतिकता को कहीं अधिक गहरी चोट पहुँचाता है। लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं है। यह निरंतर संवाद, आत्मसंयम और असहमति के सम्मान की प्रक्रिया है। जब सत्ता सुनना छोड़ दे और विपक्ष समझाना भूल जाए—तब लोकतंत्र बंधक बन जाता है।

# एन्क्लेव में अवैध निर्माण तेज, जीडीए की अनदेखी में खड़ी हो रहीं ऊंची इमारतें




**वेलकम इंडिया**



**अरुण मिश्रा, गाज़ियाबाद।** शास्त्री नगर स्थित महिंद्रा एन्क्लेव क्षेत्र में अवैध निर्माण लगातार बढ़ता जा रहा है। छोटे प्लॉटों पर बिना मानचित्र स्वीकृति के बहुमंजिला इमारतें खड़ी की जा रही हैं, लेकिन गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के जिम्मेदार अधिकारी अब तक कोई ठोस कार्रवाई करते नजर नहीं आए हैं। क्षेत्र में पहले दो मंज़िलों का निर्माण हुआ, इसके बाद तीसरी और चौथी मंज़िल भी तैयार कर दी गई। अब कई स्थानों पर इमारतें पांचवीं मंज़िल तक पहुंच चुकी हैं। तस्वीरों में साफ दिखाई दे रहा है कि ऊंची-ऊंची इमारतों पर खुलेआम शटरिंग, ढलाई और फिनिशिंग का काम चल रहा है।

**मार्केट और फ्लैट साथ-साथ**

कुछ इमारतों में नीचे मार्केट और ऊपर आवासीय फ्लैट बनाए जा रहे हैं। संकरी गलियों के बीच इस तरह का निर्माण न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है, बल्कि स्थानीय लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बना हुआ है। बिजली की लाइनों के बीच ऊंचा ढांचा और सड़क पर निकले छज्जे हादसे को न्योता दे रहे हैं।

**खए और सुपरवाइजर पर सवाल:** स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिना खए और सुपरवाइजर की जानकारी के इतना बड़ा निर्माण संभव नहीं है। आरोप है कि शिकायतों के बावजूद मौके पर न तो कोई निरीक्षण किया गया और न ही निर्माण रोकने की कार्रवाई हुई। इससे ॠऊअ के फील्ड स्टाफ की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**कार्रवाई की मांग**

क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि अवैध निर्माण पर तुरंत रोक लगाई जाए, संबंधित भवनों को सील किया जाए और जिम्मेदार खए, सुपरवाइजर सहित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्ती नहीं हुई तो महिंद्रा एन्क्लेव में अवैध निर्माण और भी तेजी से बढ़ेगा। अगर आप चाहें तो मैं

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर दस लाख से अधिक बच्चों को खिलाई गई दवा

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जिले में बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्त रखने के उद्देश्य से मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत व्यापक अभियान चलाया गया। इस दौरान गाजियाबाद जिले में दस लाख से अधिक बच्चों को पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। अभियान का शुभारंभ नेहरू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने एक बच्चे को स्वयं गोली खिलाकर किया। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के साथ-साथ आंगनवाड़ी केंद्रों पर एक वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों और किशोर-किशोरियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, जो बच्चे किसी कारणवश मंगलवार को दवा लेने से वंचित रह गए हैं, उन्हें 13 फरवरी को आयोजित होने वाले मॉप-अप दिवस पर एल्बेंडाजोल की गोली दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने जिले में कुल 2407 सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा 1371 आंगनवाड़ी केंद्रों पर 16 लाख से अधिक बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से व्यापक तैयारियां की गई थीं, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को इस अभियान से लाभ मिल सके। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार कृमि संक्रमण बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है।

# अवैध निर्माण के खिलाफ गरजा जीडीए का बुलडोजर

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध निर्माण और अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए जोन-3 क्षेत्र में बड़ी ध्वस्तीकरण कार्रवाई की। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा दिए गए स्पष्ट निदेशों के क्रम में मंगलवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। गुलधर रेलवे स्टेशन के पास मैनापुर क्षेत्र में खसरा संख्या 277, 276, 279, 282, 283 एवं 286 पर अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया गया। यह कॉलोनी अनिल कुमार, नवीन कुमार, ओंकारनाथ, लोकेश त्यागी, एस. चौहान सहित अन्य लोगों द्वारा बिना स्वीकृति के विकसित की जा रही थी। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान कॉलोनी में बनाए गए भूखंडों की बाउंड्रीवाल, आंतरिक सड़कें, नालियां और अन्य अस्थायी निर्माण को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के समय स्थानीय विकासकताओं और निर्माणकताओं द्वारा कड़ा विरोध किया गया, लेकिन मौके पर मौजूद प्राधिकरण पुलिस बल और स्थानीय पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए कार्रवाई को बिना किसी बाधा के जारी रखा। प्राधिकरण अधिकारियों ने मौके पर मौजूद लोगों से अपील की कि वे अनधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों में भूखंडों की खरीद-बिक्री से बचें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना स्वीकृति के किए गए निर्माण न केवल अवैध हैं, बल्कि भविष्य में खरीदारों के लिए कानूनी परेशानियों का कारण भी बन सकते हैं।

# स्तरीय क्विज व विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत शासन के निदेशों के क्रम में प्राथमिक विद्यालय नासिरपुर के प्रांगण में जनपद स्तरीय क्विज व विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। दोनों प्रतियोगिता हेतु सभी पांचो ब्लॉक से 20-20 छात्र अर्थात कुल 100 छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पार्षद नगर निगम श्री उदित मोहन तथा डीपीओ महोदया श्रीमती शशि वार्ष्णेय द्वारा किया गया। दोनों प्रतियोगिताएं (क्विज एवं विज्ञान मॉडल) अलग-अलग हुई। क्विज प्रतियोगिता में पांचो ब्लॉक से 5-5 छात्रों की टीम ने प्रतिभाग किया इसमें ब्लॉक लोनी की टीम सर्वाधिक आठ नंबर के साथ प्रथम स्थान पर तथा दूसरे स्थान पर भोजपुर की टीम रही। स्कोरर व प्रस्तोता के रूप में तीनों रफत्र्इ पूनम शर्मा, विनीता त्यागी और देवांकुर थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री ओ पी यादव, अअड श्री विकास बघेल द्वारा मॉडल प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता के विजेताओ को टैब स्मार्टफोन, प्रमाण पत्र, स्टेशनरी, बुक सहित बैग वितरण कर सम्मानित किया गया। मॉडल प्रतियोगिता के कुल 5 ब्लॉक के 38 प्रतिभागी छात्रों के मॉडल का निर्णय निर्णायक समिति की डायट प्रवक्ता श्रीमती मनीषा गौतम, जीजीआईसी मछरी से श्रीमती श्वेता त्रिखा, जीआईसी नंदग्राम से पूनम देवी द्वारा किया गया, जहां बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक सक्रिय मॉडल प्रस्तुत किया गया। 50 अंकों की पूर्णांक एवं 5 बिंदुओं के आधार पर एक से 10 स्थान वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

